दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 144 जयपुर, शनिवार, 04 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### IPL: कोलकाता ने मुंबई को 24 रन से हराया



**मुंबई।** आईपीएल का 51वां मुकाबला कोलकाता ने जीत लिया। मुंबई इंडियंस अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में 24 रन से हार गई। कोलकाता ने वानखेड़े मैदान पर मुंबई को 12 साल बाद हराया। नाइट राइडर्स को इस मैदान पर मुंबई के खिलाफ आखिरी जीत 2012 में मिली थी। मैच में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। कोलकाता ने 20 ओवर में 169 रन बनाए। मुंबई 145 रन पर सिमट गई। सबसे अधिक सूर्यकुमार यादव ने 56 रन की पारी खेली। कोलकाता की शुरुआत खराब रही। उसने 5 ओवर में 51 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। फिल सॉल्ट, सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी और श्रेयस अय्यर सस्ते में आउट हो गए। कोलकाता की तरफ से वेंकटेश अय्यर ने सबसे अधिक 70 रन बनाए। वहीं, मुंबई की तरफ से जसप्रीत बुमराह और नुवान थुषारा ने 3-3 विकेट लिए। कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी 2 विकेट चटकाएं।

### ICC टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे नंबर पर फिसला

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया टेस्ट क्रिकेट की रैंकिंग में नंबर-1 नहीं रही है। शुक्रवार को जारी ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 टेस्ट टीम बन गई है। उसने भारत को 4 अंकों से पछाड़ दिया। हालांकि, वनडे और टी-20 में टीम इंडिया अब भी टॉप पर बनी हुई है। टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया के 124 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जबकि भारत के 120 पॉइंट्स हैं।

पेज 8 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन में शेयर बाजार में आई बड़ी गिरावट

# शेयर मार्केट में सुनामी... निवेशकों के डूबे तीन लाख करोड़

एजेंसी | नई दिल्ली

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार ने शानदार तेजी के साथ शुरुआत की, लेकिन शुक्रवार दोपहर बाद मार्केट ने एकाएक करवट बदली और इसमें भारी गिरावट आई। एक वक्त तो सेंसेक्स 1,400 अंकों तक लुढ़क गया था। इससे निवेशकों के करीब 3 लाख करोड़ रुपए डूब गए।

चौतरफा बिकवाली और मुनाफावसूली के चलते भारतीय शेयर बाजार तगड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स जहां 733 अंक लुढ़क गया। वहीं निफ्टी फिसलकर 22, 500 के नीचे आ गया। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति करीब 3 लाख करोड़ रुपए डूब गई। बाजार ने शुरुआत तेजी के साथ की थी और निफ्टी ने पहले घंटे में 22,475.85 का नया उच्चतम स्तर छू लिया था। हालांकि बाद में बाजार अपनी बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी क्रमशः 0.21 और 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं मेटल और फार्मा छोड़कर बाकी सभी सेक्टरोल इंडेक्स भी लाल निशान में बंद हुए।



#### सबसे ज्यादा 6 शेयरों में गिरावट

शेयर बाजार में भारी गिरावट के कारण CEAT टायर स्टॉक में 4.2 फीसदी, ज्योति लैब्स में 3.6 फीसदी, ब्लू स्टार के शेयर में 3 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टॉक में 3.5 फीसदी, MRF के शेयर में 3 प्रतिशत और टाटा का ट्रेंट शेयर में 3 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

#### निवेशकों के डूबे करोड़ों रुपए

शेयर बाजार में भारी गिरावट के कारण बीएसई लिस्टेड कंपनियों में निवेश करने वाले निवेशकों को तगड़ा नुकसान उठाना पड़ा। सबसे ज्यादा रिलायंस इंडस्ट्रीज और एमआरएफ जैसे कंपनियों में निवश करने वाले निवेशकों को नुकसान हुआ। बीएसई का मार्केट कैप 4.25 लाख करोड़ रुपए घट गया।

### अडाणी समूह की 6 कंपनियों को सेबी का नोटिस

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने अडानी समूह की 6 कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है और उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है। ये नोटिस कंपनियों की ओर से कई नियमों का उल्लंघन करने के लिए यह नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें पार्टी लेनदेन से संबंधित उल्लंघन, लिस्टिंग नियमों का पालन न करना और ऑडिटर सर्टिफिकेट में अनियमितताएं शामिल हैं। अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी विल्मर और अडाणी टोटल गैस को यह नोटिस जारी किए गए हैं। अडाणी ग्रुप ने सेबी की ओर से नोटिस मिलने की पुष्टि की है।

### राहुल गांधी ने रायबरेली से ठोकी ताल तो PM मोदी के किए तीखे वार

# चुनावी रण में जुबानी जंग

#### राहुल ने एक्स पर लिखा

## 'मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ सौंपी जिम्मेदारी..'



एजेंसी | रायबरेली

उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से चुनावी रण में राहुल गांधी का मुकाबला भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह से होगा। राहुल गांधी में शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। राहुल पहले कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। वहां से नामांकन दाखिल करने के लिए उनका काफिला निकला। राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से रवाना हुआ। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे। राहुल गांधी ने जिला कार्यालय में नॉमिनेशन दाखिल किया। उनके साथ रायबरेली की निवर्तमान सांसद सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, बहनोई रॉबर्ट वाड्रा, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल, पूर्व सीएम अशोक गहलोत समेत मौजूद रहे।

नामांकन दाखिल करने बाद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राहुल गांधी ने आगे लिखा कि अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं. मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

पेज 7 भी देखें

#### मोदी ने राहुल पर कसा तंज

## 'शहजादे को सता रहा है वायनाड से हार का डर'



एजेंसी | दुर्गापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान-दुर्गापुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी पर तीखा वार किया।

अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने के फैसले पर पीएम मोदी ने राहुल गांधी की चुटकी ली। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि 'शहजादा' (राहुल गांधी) को वायनाड से भी हार का डर सता रहा है और इसलिए दूसरी सीट की तलाश करेंगे। और अब वह अमेठी में लड़ने से डर रहे हैं और रायबरेली भाग गए हैं। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं कि डरो मत। मैं भी उनसे कहना चाहता हूं कि 'डरो मत, भागो मत'। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव का परिणाम स्पष्ट है। किसी भी जनमत सर्वेक्षण की आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।

### राहुल गांधी को स्मृति ईरानी का भय: आचार्य प्रमोद कृष्णम



राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पूर्व कांग्रेस नेता और कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि पहले भी मैं कई बार खुले मंच पर यह कह चुका हूं कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे, क्योंकि वह स्मृति ईरानी से डरते हैं। उनको स्मृति ईरानी का भय है। राहुल गांधी में क्रेडिबिलिटी का अभाव है। उन्होंने कहा कि जो भारत को गाली देगा, भारत की तौहिन करेगा, वंदे मातरम नहीं बोलेगा, राम से नफरत करेगा उसकी तारीफ पाकिस्तान में होनी सुनिश्चित है। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार होती तो अयोध्या जाने के जुर्म में राष्ट्रपति पर महाभियोग चला दिया जाता, क्योंकि राम के दरबार में जो जाएगा वह कांग्रेस का दुश्मन हो जाएगा। यह कांग्रेस वह कांग्रेस नहीं है जो कभी महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी की कांग्रेस थी। कांग्रेस महात्मा गांधी के रास्ते से भटक कर अब मोहम्मद अली जिन्ना के रास्ते पर चल रही है।

### अमेठी से स्मृति ईरानी के सामने किशोरी

कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा की स्मृति ईरानी से होगा। अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के पहले कांग्रेस कार्यालय से रोड शो निकालते हुए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कहा जा रहा है कि केएल शर्मा को गांधी परिवार से वफादारी का इनाम मिला है। वह मूल रूप से पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। 1983 के आसपास राजीव गांधी उन्हें पहली बार अमेठी लेकर आए थे। तब से वह यहीं के होकर रह गए।



### इजराइली जहाज से बनाए गए थे बंधक बनाए

## सभी 16 भारतीयों को ईरान ने किया रिहा



नई दिल्ली। ईरान ने इजराइली मालवाहक जहाज से बंधक बनाए गए सभी 16 भारतीयों को रिहा कर दिया। कुछ समय पहले एक इजराइली मालवाहक जहाज एमएससी एरीज पर 25 लोगों का दल सवार था। इनमें 17 भारतीय शामिल थे। उन पर ईरान ने कब्जा कर लिया था और हालांकि एक महिला क्रू को पहले रिहा किया गया था। अब बंधक बनाए गए सभी 16 भारतीयों को भी रिहा कर दिया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से इस पर बात की थी। सूत्रों का कहना है कि सभी 16 भारतीय जहाज से पहले बंदरगाह पर पहुंचेंगे, फिर वहां से तेहरान आएंगे। उसके बाद उनका ट्रैवल डॉक्युमेंट्स का इश्यू होगा। भारतीय दूतावास उसमें मदद करेगा और फिर उसके बाद वो सभी स्वदेश लौटेंगे। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियन ने कहा है कि देश ने इजराइल से जुड़े जहाज के सभी चालक दल के सदस्यों को रिहा कर दिया है, जिसे हाल ही में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य में कब्जे में लिया था।

#### क्या है मामला

यह घटनाक्रम 13 अप्रैल को आईआरजीसी द्वारा पुर्तगाली ध्वज वाले जहाज को जब्त किए जाने के कुछ सप्ताह बाद आया था। एमएससी एरीज जहाज पर 25 लोगों का दल सवार था, जिनमें से 17 भारतीय थे। हालांकि, 18 अप्रैल को ईरानी अधिकारियों द्वारा एकमात्र महिला एन टेसा जोसेफ को रिहा किए जाने के बाद 16 से अधिक चालक दल के सदस्य जहाज पर मौजूद थे।

## खालिस्तानी आतंकी निज्जर मर्डर केस में अरेस्ट

एजेंसी | नई दिल्ली



खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच में कनाडा के अधिकारियों ने बड़ी सफलता हासिल की है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में इस मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। हरदीप सिंह निज्जर, खालिस्तानी आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा था, जिसकी जून, 2023 में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो कई मौकों पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप लगाते रहे हैं। पिछले साल जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या का इल्जाम भारत पर लगाया था।

### डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा से एसीबी में जॉइन करने के बाद बातचीत

# ट्रैप की सूचना लीक नहीं हो, इसलिए विजिलेंस को करना पड़ेगा एक्टिव

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम किया जाएगा। 'सच बेधड़क' को विशेष बातचीत में डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा कि हमारा मकसद है आमजन का किसी भी विभाग में बिना लेनदेन के काम हो ताकि सरकार का उद्देश्य पूरा हो सके। आमजन बेहिचक शिकायत दर्ज कराए। उस पर एसीबी कार्रवाई करेगी। मेहरड़ा ने शुक्रवार को एसीबी के डीजी पद पर कार्यभार संभाला। मेहरड़ा ने कहा कि अगर पिछले एक साल में ट्रेप की कार्रवाई में गिरावट आई है तो अध्ययन किया जाएगा कि आखिर आंकड़े कम होने के क्या कारण है। कमियों को दूर करके हर परिवादी की शिकायत की जांच की जाएगी और शिकायत सही मिलने पर दोषियों के खिलाफ ट्रैप की कार्रवाई की जाएगी।



**Q सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार को रोकना बड़ा चुनौती बन गई है?**

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना निश्चित रूप से बड़ी चुनौती है। सरकारी की जो जीरो टॉलरेंस नीति है, उस जीरो टॉलरेंस को प्राप्त करने के लिए बहुत से कार्य करने पड़ेंगे। कई चुनौतियां भी होगी, लेकिन उनको पार करना पड़ेगा। एसीबी के पास जो संसाधन है, उनसे अच्छा काम करके भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए परिणाम सामने लाएंगे।

**Q हेल्प लाइन नंबर जारी होने से अच्छे परिणाम आए थे। अब क्या और नए नवाचार किए जाएंगे?**

बिल्कुल। हेल्प लाइन नंबर के अलावा अन्य बिंदुओं पर अध्ययन किया जाएगा। ताकि भ्रष्टाचार की ज्यादा ज्यादा से शिकायतें आए। कई बार सूचनाएं ऐसी भी आती है, जिनका कोई अर्थ नहीं होता है।

**Q एसीबी तो आरोपियों के खिलाफ ट्रेप की कार्रवाई कर लेती है, लेकिन अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलती है?**

एसीबी कार्रवाई को अंजाम देती है, लेकिन कितने मामलों में अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली और इसके क्या कारण है। अभी तक मुझे जानकारी नहीं है, लेकिन पेंडिंग अभियोजन स्वीकृति के मामलों को अध्ययन किया जाएगा और फिर संबंधित विभाग के जिम्मेदार अफसरों से चर्चा करके स्वीकृति जारी करने के लिए कहा जाएगा।

**Q भ्रष्टाचार के कानून में संसोधन होने के बाद संबंधित विभाग के अफसर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की अनुमति नहीं देते?**

भ्रष्टाचार के मामलों में संबंधित विभाग को माइंड अप्लाई करना चाहिए। हम उनको बाध्य नहीं कर सकते एफआईआर की अनुमति देने के लिए। संवाद के दौरान हम समझाने का प्रयास करेंगे कि एफआईआर करना जरूरी है। क्योंकि सरकारी की पॉलिसी है जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करने की। अनुमति मिलने पर ही सरकार का उद्देश्य पूरा होगा।

**Q पिछले दिनों एक कलेक्टर को एसीबी ट्रेप करने वाली थी, लेकिन सूचना लीक होने पर ट्रेप फेल हो गया?**

इस मामले में अभी कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। क्योंकि ट्रेप की कार्रवाई में क्या कमियां रही और कैसे सूचना लीक हुई, इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन ऐसी कमियों को दूर करने के लिए इंटरनल विजिलेंस को मजबूत करना जरूरी है। उस पर काम किया जाएगा।

## जरूरी खबर

### किसान के बैग से बदमाशों ने उड़ाए 2195 लाख रुपए



**बेधड़क. जयपुर।** कृषि उपज मंडी में बेचे गए माल के पैसे लेकर बाजार में आए किसान के बैग से 2 बदमाशों ने 2 लाख 95 हजार रुपए उड़ा लिए। बाइक सवार दो बदमाश मंडी से ही किसान का पीछा कर रहे थे, मौका लगते ही यह वारदात कर डाली। कोतवाली थाने के द्वितीय अधिकारी बृजेश चौधरी ने बताया कि रामगढ़ क्षेत्र के किशनाईपुरा गांव निवासी किसान रामचरण गुर्जर बारां में कृषि मंडी में पहले बेचे गए माल के पैसे लेने व्यापारी के पास आया था। इस दौरान उसके साथ वारदात हो गई।

### जमीन नीलामी पर रोक के फैसले का किया स्वागत

**बेधड़क. जयपुर।** भाजपा प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ईआरसीपी योजना में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जमीन नीलामी में किए गए भ्रष्टाचार पर सख्ती से कार्रवाई करने के फैसले का स्वागत योग्य बताते हुए कहा कि भजनलाल सरकार ने पिछली गहलोत सरकार के फैसले को बदलते हुए इस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट में फंड जुटाने के लिए सरकारी जमीनें बेचने पर रोक लगा दी है। अब हमारी सरकार ने बीकानेर तथा अलवर में ईआरसीपी के लिए बेची जाने वाली जमीनों की नीलामी निरस्त करने का ऐतिहासिक फैसला किया। भारद्वाज ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आनन फानन में करोड़ों की जमीन को कोड़ियों के दाम में बेचने की जो साजिश की थी।

### रेल प्रबंधकों के साथ कार्य प्रगति एवं समीक्षा बैठक



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में उत्तर पश्चिम रेलवे पर चल रहे कार्यों की प्रगति और कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक और सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर पश्चिम रेलवे का कार्य निष्पादन उत्कृष्ट रहा है और हमें आपस में सामंजस्य और समन्वय के साथ कार्य कर सभी कार्यों को लक्ष्यानुसार करने पर ध्यान देना है। उन्होंने विभागों और मण्डलों के बीच तालमेल को सुदृढ़ कर यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने की बात कही।

## नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2013 से जुड़े बोनस अंक मामले में हाई कोर्ट सख्त

# प्रमुख चिकित्सा सचिव और निदेशक को दिया अवमानना नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2013 से जुड़े बोनस अंक के मामले में अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव शुभ्रा सिंह और चिकित्सा निदेशक राकेश शर्मा को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

अदालत ने दोनों अधिकारियों को 26 जुलाई तक बताने को कहा है कि अदालती आदेश के बावजूद याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन का निस्तारण क्यों नहीं किया गया?। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश दिनेश कुमार शर्मा व अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अदालत को बताया कि भर्ती में बोनस अंक देने से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने गत 31 जनवरी को चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए थे कि वह सुप्रीम कोर्ट के मनोज आचार्य के प्रकरण में पारित आदेश के अनुसार याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन को दो माह में तय करे। अवमानना याचिका में कहा गया कि दो माह बीतने के बाद भी याचिकाकर्ताओं के अभ्यावेदन का विभाग ने निस्तारण नहीं किया। अदालती आदेश के बाद याचिकाकर्ताओं ने ऑर्डर की सत्यापित प्रति विभाग के आलाधिकारियों को भेज दी थी। ऐसे में विभाग के अवमाननाकर्ता दोषी अधिकारियों को अदालती आदेश की अवमानना का दोषी मानते हुए दंडित किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी कर करते हुए जवाब तलब किया है।



## कोर्ट ने पूर्व राजपरिवार की संपत्ति खाली करने के दिए आदेश

**जयपुर।** शहर की किराया अधिकरण अदालत क्रम-2, महानगर प्रथम ने पूर्व राजपरिवार की संपत्ति पर रह रहे परिवार को अतिक्रमी मानते हुए उसे कब्जा खाली करने को कहा है। अदालत ने संबंधित परिवार को कहा है कि वह मीन्स प्रोफिट के तौर पर 10,500 रुपए और दावा दायर करने की तिथि से कब्जा संभलवाने तक पन्द्रह सौ रुपए प्रतिमाह कर दर से वादी कंपनी को अदा करे। अदालत ने यह आदेश एसएमएस इंवेस्टमेंट कारपोरेशन प्रा.लि. की ओर से वर्ष 2004 में पेश दावे का निस्तारण करते हुए दिए। दावे में अधिवक्ता रामजीलाल गुप्ता ने अदालत को बताया कि प्रतिवादी शेरसिंह के पिता भंवर सिंह जयपुर स्टेट के पूर्व महाराजा सर सवाई मानसिंह के यहां कार्यरत थे। सेवाकाल के दौरान उन्हें रहने के लिए रामबाग स्टाफ क्वाटर्स स्थित क्वार्टर संख्या 25 निशुल्क लाइसेंस पर दिया था। भंवर सिंह के रिटायर होने के बाद उनका देहांत को गया। इस दौरान वादी ने प्रतिवादी पक्ष को कई बार कब्जा खाली करने को कहा, लेकिन उन्होंने अब तक परिसर खाली नहीं किया। वहीं, प्रतिवादी की ओर से कहा गया कि मानसिंह ने उसके पिता को यह परिसर दान में दी थी। इसके चलते वह इस संपत्ति के मालिक बन गए, लेकिन उनकी मौत होने के बाद वादी यह संपत्ति लेना चाहती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने ने बाद अदालत ने परिसर खाली कर वादी कंपनी को कब्जा देने को कहा है।

## कई हिस्सों में तेज रफ्तार अंधड़ और बारिश का अनुमान

# पांच जिलों में येलो अलर्ट आज बारिश की संभावना

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में बीते तीन दिनों से मौसम सुखद बना हुआ है। ठंडी हवा और हल्की-फुल्की बारिश के चलते कई इलाकों में लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। हालांकि राजधानी जयपुर में लोगों को तेज धून ने परेशान किया।

मौसम विभाग के मानें तो मई का पूरा सप्ताह ही खुशनुमा गुजरने वाला है। दरअसल मौसम केंद्र जयपुर ने 4 मई को राजस्थान के पांच जिलों में बारिश होने की आशंका जताई गई है। इसके चलते प्रदेश में मौसम सुहाना बना रहेगा। इन जिलों में मौसम केंद्र जयपुर ने येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें जोधपुर, हनुमानगढ़, बीकानेर, गंगानगर और जैसलमेर शामिल है। साथ ही इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाई भी चल सकती हैं। मौसम के दो जयपुर के मुताबिक, साल 2024 मई में राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी। मई के पहले सप्ताह की बात करें तो 4 तारीख तक पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। इसके चलते शेखावाटी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में तेज रफ्तार अंधड़ और बारिश की संभावना जताई गई है। 9-10 मई के बाद धूप और ज्यादा तीखी हो जाएगी और पारा और तेज होगा। वहीं शुक्रवार को प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक का इजाफा देखने को मिला।

प्रदेश में सबसे गर्म जैसलमेर रहा, जहां का तापमान 42. 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। करीब आधा दर्जन शहरों में शुक्रवार को तापमान 40 डिग्री को पार कर गया। राज्य के अजमेर, जयपुर और बीकानेर संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम दर्ज हुए। यहां पर तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहा। उदयपुर, कोटा और जोधपुर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य दर्ज हुए और यहां अधिकतम तापमान 39 से 42 डिग्री के मध्य रहा।

■ प्रदेश में शुक्रवार को 4 डिग्री तक चढ़ा पारा, जैसलमेर में 42 डिग्री सेल्सियस



**इन क्षेत्रों में 40 डिग्री के पार**

शुक्रवार को आधे दर्जन से ज्यादा शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। इन शहरों में सवाई माधोपुर 41.9, जालौर 41.4, बाड़मेर में 41.02, कोटा में 41 डिग्री, डूंगरपुर 40.9, करौली 40.3, जोधपुर में 40.01 और बीकानेर में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों में अनूपगढ़, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश/बिजली/धूल भरी आंधी/तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

### पूर्वी राजस्थान में कैसा होगा हाल

दरअसल मई के दूसरे सप्ताह में बंगाल की खाड़ी से पूर्वी हवाओं का प्रभाव रहेगा, जिसके चलते पूर्वी राजस्थान के कुछ जिलों में आंधी बारिश देखी जा सकती है। इसके चलते तापमान में हल्की-फुल्की गिरावट भी आ सकती है। मई के तीसरे चौथे सप्ताह की बात करें तो आसमान से आग के शोले बरसेंगे। राजस्थानवासियों को 20 मई तक जलती-तपती गर्मी का सामना करना पड़ेगा। अंतिम सप्ताह में भी सूरज का प्रकोप जारी रहेगा हालांकि इस दौरान कुछ ही जगह पर छिटपुट बारिश हो सकती है।

## जांच में जुटी पुलिस

# कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी

**बेधड़क** | जयपुर



कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी को फिर से जान से मारने की धमकी दी गई है। मंत्री को धमकी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी गई है। जिसमें लिखा है कि समय रहते सुधर जा नहीं तो मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

मालूम हो कि इससे पहले भी जनवरी 2024 में बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। तब बदमाशों ने एक व्हाट्स एप ग्रुप में मंत्री को धमकी दिया था। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से भी की। मंत्री को मिली धमकी की खबर पाते ही पुलिस ने एक घंटे में आरोपी युवक को डिटेन किया था। हालांकि इस बार मंत्री को धमकी मिलने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के तीन दिन बाद पता चला है।

बताया गया कि इंस्टाग्राम पर आदिवासी राजा नामक आईडी से 3 दिन पहले राजस्थान के मंत्री बाबूलाल खराड़ी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसकी सूचना मंत्री ने SP और कलेक्टर को फोन कर दी है। मामले में कोटडा थाने में जनजातीय मंत्री ने मुकदमा दर्ज करवाया है। जिसके बाद कोटड़ा पुलिस मामले की जांच कर रही है। धमकी देने वाले ने लिखा है- राजनीति एक तरफ होती रहेगी, लेकिन तू बाबूलाल खराड़ी समय रहते सुधर जा और समय रहते नहीं सुधरा तो तू थोड़े ही दिन का मेहमान है। बिना फितरत किए मौत के घाट उतार दिया जाएगा। इस धमकी भरे पोस्ट में आगे लिखा है- जो तूने (मंत्री) आदिवासियों के खिलाफ जहर बोया है, उसका नतीजा तेरे सामने होगा। आदिवासियों को जबरदस्ती हिंदू धर्म में घुसाने का काम कर रहा है, जितना जल्दी हो सके उतना जल्दी उस मुद्दे से हट जा। नहीं तो भगवान राम के प्याजा हो जाएगा। मंत्री से मिली शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने की शुरुआत

# 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान का आगाज

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा युवा मोर्चा की ओर से "एक परिंडा मेरा भी' अभियान का आगाज शुक्रवार को राजधानी के सी-स्कीम स्थित अशोक विहार बाल उद्यान से किया गया। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी ने बताया कि युवा मोर्चा जयपुर शहर जिले के कार्यकर्ताओ ने प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची की अगुवाई में 2 दर्जन से अधिक परिंडे लगाएं गए।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने बताया कि प्रदेश में "एक परिंडा मेरा भी" अभियान का आगाज आज से शुरू किया गया है। 17 मई तक चलने वाले अभियान के तहत प्रदेश के ऐसे कई इलाके हैं जहां पानी के



प्राकृतिक स्रोत न के बराबर हैं, वहां पानी नहीं मिलने से पशु पक्षी प्यास एवं गर्मी से प्राण भी त्याग देते हैं। ऐसे में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से पक्षियों के लिए परिंडे तथा पशुओं के लिए पानी की टंकी लगाई जाएगी। अभियान के तहत प्रदेश में 1 लाख परिंडे एवं 1 हजार से अधिक जलस्त्रोत लगाएं जाएंगे। भाजपा युवा मोर्चा प्रत्येक मंडल स्तर पर पक्षियों के लिए कम से कम 100 परिंड़े एवं पशुओं के लिए 1 सीमेंट की टंकी लगाने के साथ उसमें पानी भरने तक की व्यवस्था करेगा। अभियान के शुभारंभ के अवसर पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ, जिला महामंत्री देवांशु तिवारी, भीमराज मीणा उपाध्यक्ष सूरज घोड़ीवाल, भुवनेश गुप्ता ,जिला मंत्री अमित चौधरी, कमल स्वामी, विक्रम चौधरी,राजवीर राठौड़, लोहित प्रताप सिंह, विनय शर्मा, पवन शर्मा, सुरेश सैनी, दीपक शर्मा, हिम्मत सिंह, उज्जवल जैन, मुकेश कुमावत, अरिहंत खरेड ,क्षितिज बंसल, ऋषि मीणा, रोहित प्रजापति, महेश जांगिड़ ,राहुल यादव मंडल अध्यक्ष अनिल गुर्जर ,शिवम बैरवा, अक्षय यादव , विष्णु खंडेलवाल,अजय सिंह शेखावत, हर्षित तिवाड़ी, कार्तिक शुक्ला सहित सैंकड़ों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।


## सर्वश्रेष्ठ चयनित निर्णय पर दिया जाएगा सम्मान

# राजस्व न्यायालयों के निर्णयों का होगा मूल्यांकन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्व मंडल की ओर से राजस्थान के विविध अधीनस्थ न्यायालयों की ओर से जारी होने वाले निर्णयों का गुणात्मक रूप से मूल्यांकन कर श्रेष्ठता के आधार पर संबंधित पीठासीन अधिकारियों को राज्य, संभाग एवं जिला स्तर सम्मानित किया जाएगा।

इसके तहत विगत वर्ष 2023-24 के दौरान पारित निर्णयों में से श्रेष्ठ निर्णय को पुरस्कृत किया जाएगा। राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार इस नवाचारी कदम का मुख्य उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में उत्कृष्ट, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निर्णय लेखन की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। राजस्व मंडल के अध्यक्ष ने बताया कि राज्य के अधीनस्थ



न्यायालयों की ओर से विगत 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में पारित निर्णयों में से पीठासीन अधिकारी के स्तर पर स्व मूल्यांकन करते हुए सर्वश्रेष्ठ निर्णय को 5 जून 2024 से पूर्व राजस्व मंडल को भिजवायेंगे। मंडल को प्राप्त होने वाले निर्णयों का गठित समिति द्वारा समुचित मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन के पश्चात श्रेष्ठअता के आधार पर चयनित के लिये निर्णय देने वाले पीठासीन अधिकारी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया जाएगा।

राजस्थान के समस्त राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी उनके द्वारा पारित निर्णय में से एक सर्वश्रेष्ठ निर्णय मय प्रमाणित प्रति के 5 जून 2024 तक राजस्व मंडल के ईमेल आईडी अथवा डाक के माध्यम से निबंधक, राजस्व मंडल, अजमेर को भिजवायेंगे।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त निर्णय को मूल्यांकन में शामिल नहीं किया जाएगा। पीठासीन अधिकारियों से प्राप्त निर्णयों के मूल्यांकन के पश्चात राज्य, संभाग एवं जिला स्तर से एक एक पीठासीन अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा जिसमें राज्य स्तर पर एक - संभागीय आयुक्त, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त एवं राजस्व अपील अधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार संभाग स्तर पर एक-एक जिला कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर तथा जिला स्तर पर एक-एक उपखंड अधिकारी एवं सहायक कलेक्टर को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व मंडल के सभी अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों से इस मूल्यांकन एवं चयन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई है, जिससे उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निर्णय लेखन प्रवृत्ति को प्रोत्साहित किया जा सके। ऐसे श्रेष्ठ निर्णयों को भविष्य में राजस्व मंडल की राविरा पुस्तिका में भी प्रकाशित किया जाएगा।

## प्रदेशभर में 2000 से अधिक स्कूलों में होगा बदलाव

# हिंदी मीडियम में परिवर्तित होंगे महात्मा गांधी स्कूल

■ कांग्रेस सरकार ने किए थे शुरू, भजनलाल सरकार जल्द लेगी फैसला

**बेधड़क** | जयपुर

गरीब परिवार के बच्चों को प्राइवेट स्कूल जैसी अंग्रेजी मीडियम वाली शिक्षा मिल सके, इसके लिए राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने प्रदेश में कई सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी मीडियम में कन्वर्ट कर उन्हें डेवलप किया था। इन स्कूलों को महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल का नाम दिया गया था। इस स्कूलों में दाखिले की निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर गरीब परिवार के छात्र पढ़ाई कर रहे थे। लेकिन प्रदेश में सरकार बदलने के बाद अब इस व्यवस्था में बदलाव हो सकता है। दरअसल राजस्थान में भाजपा सरकार दो हज़ार से अधिक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय को हिंदी माध्यम में कन्वर्ट करने की तैयारी कर रही है। माना जा रहा कि अगली केबिनेट बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है।




### जरूरी मापदंड नहीं हो रहे पूरे

राजस्थान शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक़ इस संबंध में सैद्धांतिक सहमति बन गई है। शिक्षा विभाग की ओर से सभी संभाग और उपखण्ड स्तर से महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूलों के संचालन को लेकर पूरी रिपोर्ट माँगी गई है। शिक्षा विभाग के बाद वर्तमान में महात्मा गांधी अंग्रेज़ी मीडियम स्कूल में मापदंड पूरे नहीं किए जा रहे हैं। जबकि इन स्कूलों के पास में दूसरी अंग्रेज़ी स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में इन्हें हिंदी मीडियम स्कूल करने से शिक्षण व्यवस्था को बेहतर किया जा सकेगा।

### डोटासरा ने शुरू की थी योजना

दरअसल, पिछली गहलोत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की संख्या वर्तमान में 2070 के क़रीब है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और गहलोत सरकार में शिक्षा मंत्री रहे गोविंद सिंह डोटासरा के समय इस योजना को मूर्त रूप दिया गया था। विधानसभा चुनाव में गहलोत सरकार ने इसे भुनाने की पूरी कोशिश की थी लेकिन अब राजस्थान में भाजपा सरकार ने इन स्कूलों को हिंदी मीडिया में कन्वर्ट करने का मन बना लिया है।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की हुई बैठक

**जयपुर।** गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए युवा पीढ़ी को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाना सबसे ज्यादा जरूरी है।

उन्होंने निर्देश दिये कि नशीले पदार्थों और नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय की सख्त मॉनिटरिंग के साथ-साथ शिक्षण संस्थानों के समीप स्थित पान और चाय की दुकानों का औचक निरीक्षण भी नियमित रूप से किया जाए। कुमार शुक्रवार को शासन सचिवालय में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, राजस्थान की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को ड्रग्स के परिवहन मार्ग और एच श्रेणी में आने वाली दवाइयों की अवैध बिक्री पर कड़ी निगरानी रखने तथा इनके स्टॉक एवं खपत की प्रभावी ट्रैकिंग के लिए उचित मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी सम्बंधित विभागों को परस्पर समन्वय से कार्य कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि छात्रों को नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों में समय-समय पर नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलवाई जाए।

## जरूरी खबर

### आमेर मावठे की आज होगी सफाई, लोग करेंगे श्रमदान



**जयपुर।** हेरिटेज निगम के 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान के तहत हेरिटेज निगम शनिवार को आमेर के मावठा सरोवर में सफाई करेगा। सुबह सात बजे से दो घंटे तक चलने वाले इस अभियान में शहरभर से बड़ी संख्या में लोग मावठे को स्वच्छ बनाने के लिए श्रमदान करेंगे। इस संबंध में आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि सफाई अभियान में हेरिटेज निगम मुख्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी जुडेंगे, साथ ही निगम के चारों जोन के उपायुक्त और निगमकर्मी, फायरकर्मी भी मावठे की सफाई करेंगे। वहीं, हेरिटेज निगम की अपील पर शहर के व्यापार मंडल, विभिन्न सामाजिक संस्थाएं और स्कूल भी इस अभियान में अपना श्रमदान करेंगी। हमारे प्राकृतिक जल स्त्रोत साफ और संरक्षित रहे, इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए हेरिटेज निगम आमेर के मावठे में ये विशेष सफाई अभियान चलाएगा।

### गंदगी फैलाने पर वसूला 35200 रु. का कैरिंग चार्ज

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 35200 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने शुक्रवार को कार्रवाई की, जिसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 32000 रुपए और वॉच राइडर ने 3200 रुपए का चालान किया है। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए। सड़क पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए।

**करोड़ों का नुकसान,** आग बुझाने के दौरान दो दमकलकर्मी घायल

# फर्नीचर फैक्ट्री में आग: 20 दमकलों ने 5 घंटे में पाया काबू

- तड़के 4:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से लगी आग
- आग बुझाने के दौरान प्लास्टर गिरा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे फर्नीचर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि आग से फैक्ट्री में करीब 1 से 1.50 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। आग इतनी तेज थी कि 20 दमकलों ने कई फेरे लगाकर पांच घंटे में काबू पाया।

आग बुझाने के दौरान दो दमकलकर्मी घायल हो गए। सांगानेर सदर थाना पुलिस का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। पुलिस ने बताया- सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित ग्लोबल आर्ट फैक्ट्री में आग लगी थी। फैक्ट्री में फर्नीचर बनाने का काम किया जाता है। तड़के करीब 4:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग भीषण हो गई। स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने की सूचना पर सांगानेर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल विभाग को सूचना दी। पुलिस ने दमकल की 20 गाड़ियों की मदद से कई फेरे लगाकर आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने में करीब 5 से अधिक घंटे लग गए। आग बुझाने के दौरान छत का प्लास्टर गिरने लगा। फायर बिग्रेड विभाग के दोनों कर्मचारी सुरेन्द्र और राजेन्द्र उसकी चपेट में आ गए। हैलमेट लगा होने के कारण दोनों ही कर्मचारियों के अधिक चोट नहीं आई। मामूली चोटिल होने पर दोनों कर्मचारियों का प्राथमिक उपचार करवाया गया।



### बना हुआ और कच्चा माल राख

फैक्ट्री में लगी आग से करोड़ों रुपए का माल जलकर राख हो गया। आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड कर्मचारियों को खिड़की-रोशनदार आदि भी तोड़ने पड़े। आग से फैक्ट्री में रखा बना हुआ माल और कच्चा माल दोनों जलकर राख हो गया। फैक्ट्री में लगा सोलर पैनल भी पूरी तरह कबाड़ में बदल गया।

भजनलाल सरकार ने बदला कांग्रेसराज का फैसला

# ERCP के लिए अब सरकार नहीं बेचेगी जमीन, नीलामी रद्द

**बेधड़क** | जयपुर

ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) में फंड जुटाने के लिए अब राज्य सरकार जमीन नहीं बेचेगी। भजनलाल सरकार ने गहलोत सरकार का फैसला बदलते हुए बीकानेर और अलवर में ईआरसीपी के लिए बेची जाने वाली जमीनों की नीलामी रद्द कर दी है। ईआरसीपी कॉर्पोरेशन ने शुक्रवार को जमीनों की नीलामी रद्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने सीएम भजनलाल शर्मा को चिट्ठी लिखकर सरकारी जमीनों की नीलामी पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे घोटाला बताया था। मंत्री किरोड़ी की चिट्ठी के बाद सरकार ने जमीन नीलामी रद्द कर दी है।

गहलोत सरकार ने सरकारी जमीनें बेचकर ईआरसीपी के लिए फंड जुटाने का फैसला किया था। 15 सितंबर 2023 को बीकानेर के बीछवाल और अलवर के उमरेण की सरकारी जमीन नीलाम करने का फैसला किया था। 3 अक्टूबर 23 को ई-नीलामी निकाली गई थी जो एमएसटीसी पोर्टल से होनी थी। नीलामी की प्रक्रिया के बीच ही सरकार बदल गई तो मामला अटक गया।



फोटो: फाइल

### केंद्र ने की 90% फंड देने की घोषणा

राजस्थान में सरकार बदलने के बाद ईआरसीपी को केंद्र सरकार ने रिवर लिंक प्रोजेक्ट से जोड़कर इसका 90 प्रतिशत फंड देने की घोषणा कर दी। इसके लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकार के बीच एमओयू हो चुका है। इस एमओयू के बाद ईआरसीपी पर अब राज्य सरकार को केवल 10 प्रतिशत बजट ही खर्च करना होगा।

### नर्सरी जमीन बेचने से नाराज थे किरोड़ी


कृषि मंत्री किरोड़ीलाल ने पिछले दिनों सीएम भजनलाल शर्मा को चिट्ठी लिखकर सरकारी जमीनों की नीलामी पर आपत्ति जताई थी। किरोड़ी का आरोप था कि गहलोत सरकार ने कौड़ियों के भाव पर सरकारी जमीनें बेचने का षड्यंत्र रचा था। ईआरसीपी पर केंद्र पैसा दे रहा है तो अब फंड के लिए जमीन बेचने का मतलब नहीं है। गहलोत सरकार के समय अलवर के उमरेण में उद्यान विभाग की नर्सरी की जमीन बेचने का फैसला किया था। किरोड़ी सरकारी नर्सरी की जमीन बेचने की प्रक्रिया से नाराज थे, उन्होंने इसलिए सीएम को पत्र लिखा था।

### अफसर बेचना चाहते थे कौड़ियों के भाव

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा- हॉर्टिकल्चर विभाग की जमीनें अफसर मिलीभगत करके कौड़ियों के भाव बेचने जा रहे थे, अब जमीनों को राज्य सरकार ने निरस्त कर दिया है। इससे समझा जा सकता है कि सरकार कितनी संवेदनशील और पारदर्शी है। कुछ अफसरों ने मिलीभगत करके सरकार को करोड़ों का चूना लगाने का काम किया।

हेरिटेज निगम की कार्रवाई

# अस्थाई अतिक्रमण हटाकर जब्त किया चार ट्रक सामान



**बेधड़क** | जयपुर

शहर की सड़क और बरामदों पर हो रहे अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ हेरिटेज निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। शुक्रवार को हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में निगम के सतर्कता दस्ते ने अस्थायी अतिक्रमण को हटाया।

दस्ते ने कार्रवाई करते हुए रामगंज, ट्रांसपोर्ट नगर, आगरा रोड, जामडोली, सांगानेरी गेट, अजमेरी गेट, बडी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, हाथी बाबू मार्ग, सिंधी कैम्प, चांदपोल बाजार, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक पर सड़क, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थल और बरामदों पर जमे अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान निगम दस्ते ने चार ट्रक सामान जब्त कर जनता मार्केट स्थित निगम के गोदाम में जमा कराया। उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर में अस्थाई अतिक्रमण नहीं हो, इसके लिए निगम टीम व्यापारियों से लगातार जागरूक भी कर रही हैं। समझाइश के बाद भी सड़क और बरामदों पर अस्थाई कब्जा करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

घुमंतू बस्तियों में दिया समरसता का संदेश

# संतों ने जाजम पर बैठकर की धर्म चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र के आनंद चौराहा स्थित लुहार बस्ती में नारायण दर्शन यात्रा निकाली। भजन-कीर्तन करते स्थानीय कार्यकर्ताओं ने लुहार बस्ती की परिक्रमा की।



अनेक संतों ने सेवा बस्ती में लुहार समाज के साथ एक जाजम पर बैठे और धर्म चर्चा की। शनिवार को सुबह सात बजे मुरलीपुरा की देवधारा कॉलोनी में नारायण दर्शन का कार्यक्रम होगा। गायत्री चेतना केन्द्र मुरलीपुरा के मनु महाराज के सान्निध्य में कार्यकर्ता भजन-कीर्तन करते चलेंगे। वहीं शाम को नारायण बस्ती में सियारामदास महाराज की बगीची के महंत हरिशंकर वेदांती का सान्निध्य प्राप्त होगा। शनिवार सुबह ही दादी का फाटक स्थित लुहार बस्ती में भी यह कार्यक्रम होगा। पांच से सात मई तक तीन अलग-अलग बस्तियों में नारायण दर्शन के कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग के महानगर प्रमुख राजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि अभी तक जयपुर महानगर की लगभग 57 बस्तियों में यह कार्यक्रम हो चुके है। नारायण दर्शन यात्रा के अंतर्गत बस्तियों में जाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया जा रहा है। यह अभियान 10 मई तक चलेगा। जयपुर महानगर की सभी 258 बस्तियों में नारायण दर्शन के कार्यक्रम किए जाएंगे।

दो जेलकर्मियों सहित 11 आरोपी गिरफ्तार

# जेल में बदमाशों को पहुंचाते थे फोन

**बेधड़क** | जयपुर

चित्रकूट थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल के अंदर बंद शातिर बदमाशों तक मोबाइल फोन पहुंचने का काम करते थे। पुलिस ने प्रकरण में दो जेलकर्मियों और गोगामेड़ी हत्याकांड में जेल में बंद सुमित यादव सहित कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि पिछले कई महीनों से अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में बंद विभिन्न गैंग के सदस्यों की ओर से



जयपुर शहर में अवैध वसूली और एक्सटॉर्शन के लिए बार-बार लोगों को धमकी दी जा रही थी। पुलिस ने हरियाणा निवासी सुमित यादव, कोटपूतली बहरोड निवासी विक्रम सिंह उर्फ कालू, जयपुर निवासी जीतराम चौधरी, हरियाणा निवासी साहिल शर्मा, टोंक निवासी राकेश जांगिड़, अजमेर निवासी गंगाराम गुर्जर, मनोज सिंह, रामस्वरूप, बाड़मेर निवासी नरेश कुमार, नागौर निवासी विक्रम सिंह और अजमेर निवासी पवन जांगिड़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि स्पेशल टीम के द्वारा दबोचे गए हरियाणा से आ रहे बदमाश विक्रम सिंह उर्फ कालू ने बताया कि फोन सुखदेव गोगामेड़ी हत्याकांड में अजमेर जेल में बंद सुमित यादव को पहुंचाए जाने थे, जिसका प्रयोग सुमित की ओर से लोगों को धमकी देने और गैंग के दूसरे सदस्यों को अन्य दिशा निर्देश देने के लिए किया जाना था।

NHAI ने जमीन अवाप्ति प्रक्रिया रुकवाई

# जयपुर में अभी शुरू नहीं होगा नॉर्दन रिंग रोड प्रोजेक्ट का काम

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने जिला प्रशासन जयपुर की ओर से जमीन अवाप्ति के लिए भेजे गए 3D (प्रभावित गांव और एरिया की विज्ञप्ति जारी करना) के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है।

ऐसे में नॉर्दन रिंग रोड प्रोजेक्ट फिलहाल जयपुर में शुरू नहीं किया जाएगा। एनएचएआई ने प्रोजेक्ट के लिए जो जमीन अवाप्ति की प्रक्रिया शुरू की थी, उसे रुकवा दिया है। इधर, एनएचएआई ने अब इस प्रोजेक्ट पर काम न करने के पीछे भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 18 दिसंबर के एक पत्र का हवाला दिया है। एनएचएआई की ओर से



फोटो: फाइल

लिखे पत्र में बताया कि मंत्रालय ने भारत माला प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण की सभी परियोजनाओं पर किसी भी प्रकार के अतिरिक्त दायित्वों का सर्जन नहीं करने के लिए कहा है। एनएचएआई के इस पत्र के बाद प्रशासन ने जमीन अवाप्ति की आगे की प्रक्रिया को रोक दिया।

### दूसरी बार रुकवाया एनएचएआई ने प्रोजेक्ट की जमीन अवाप्ति का काम

एनएचएआई ने नॉर्दन रिंग रोड की जमीन अवाप्ति का ये काम दूसरी बार रुकवाया गया है। इससे पहले साल 2020 में भी प्रोजेक्ट पर काम रुक गया था। उस समय कोविड-19 का हवाला देकर 3D की कार्रवाई को रोका गया था। काम रोकने का सबसे ज्यादा प्रभाव प्रोजेक्ट की लागत पर आता है।

### 24 अप्रैल तक जारी करनी थी 3D की सूचना

एनएचएआई को 24 अप्रैल 2024 तक 3D की सूचना जारी करवानी थी। इसके लिए उसे प्रस्ताव जिला प्रशासन को भिजवाना था, लेकिन नहीं भिजवाया। इसके बजाए एनएचएआई ने पत्र लिखकर एलएओ को आगे की प्रक्रिया नहीं करने के लिए कह दिया। 34 गांवों की जमीन अवाप्ति अटकी आगरा रोड से दिल्ली बाइपास तक बनने वाले इस नॉर्दन रिंग रोड के लिए जयपुर, आमेर और जमवारामगढ़ तहसीलों के 14 गांवों की जमीन अवाप्त की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। करीब 45 किलोमीटर के इस रिंग रोड प्रोजेक्ट के लिए 388 हैक्टेयर से ज्यादा जमीन अवाप्ति का प्रस्तावित थी।

मानसरोवर के सेक्टर-45 की घटना

# घर के बाहर से गायब हुई बच्ची 20 घंटे बाद मिली

**बेधड़क** | जयपुर

मानसरोवर में घर के बाहर से गायब हुई ढाई साल की बच्ची घटना के 20 घंटे बाद एक किलोमीटर दूर मिल गई। वह एक दंपती के साथ थी। दोनों पति-पत्नी कोरोना में बेटे की मौत के बाद से डिप्रेशन में हैं।

पूछताछ में महिला ने बताया कि बच्ची उनकी बेटी का हाथ पकड़कर खुद ही साथ आ गई थी। एसएचओ मानसरोवर राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि सेक्टर-45 पावर हाउस के पास रहने वाले रतन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे बच्ची घर के अंदर खेल रही थी। खेलते-खेलते कब बाहर निकल गई। परिजनों को पता नहीं चला। खेलते-खेलते अचानक मासूम के गायब होने के बाद परिवार ने काफी ढूंढा, लेकिन बच्ची का पता नहीं चला।

परिचित-रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाने पर बेटी नहीं मिली। घटना के वक्त घर में बच्ची की मां और बड़ी बहन मौजूद थे। पिता रतन सिंह काम पर गए हुए थे। आखिरी बार बच्ची को मां ने देखा था। मां का कहना है कि बेटी कब घर से निकल गई पता नहीं चला। कॉलोनी के लोगों ने भी अपनी तरफ से बेटी को ढूंढने के प्रयास किए। मानसरोवर थाने में पीड़ित रतन ने ढाई साल की बेटी के गायब होने की सूचना दी थी।

## जरूरी खबर

### अनदेखी के चलते करौली में सफाई व्यवस्था फेल



**करौली।** शहर में नगर परिषद की अनदेखी के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। शहर के ज्यादातर इलाकों में कचरा उठाने के नाम पर खानापूर्ति के चलते जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। शहर के प्रमुख बाजार-मोहल्लों और चौराहों पर कचरे के ढेर लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विवेक विहार कॉलोनी, गुलाब बाग, ढोली खार, सहित आसपास के कई मोहल्लों में स्थाई व अस्थाई रूप से बने ढेर शहरवासियों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं।

### स्कूटी समेत सीवर लाइन के खुले चेंबर में गिरा युवक

**बीकानेर।** नगर निगम की लापरवाही के चलते एक स्कूटी सवार की जान पर बन आई। दरअसल शहर के बंगला नगर के वार्ड नंबर 1 में पिछले कई दिनों से सीवर लाइन खराब है, जिसके चलते पूरी गली में गंदा पानी भरा रहता है। इसी बीच सीवर लाइन का चैंबर भी टूट गया। शुक्रवार शाम एक युवक अपनी स्कूटी सहित इस चैंबर में जा गिरा, स्थानीय लोगों ने किसी तरह युवक को बाहर निकाला। यहां रह रहे लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से यह सीवर लाइन चौक हो रखी है। इस बारे में निगम के अधिकारियों को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत करवा चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### इलाज के दौरान एक और मजदूर की मौत



**धौलपुर।** जिले में बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र की राजपूत कॉलोनी में बुधवार रात हुए निर्माणाधीन मकान हादसे में एक और घायल मजदूर की मौत हो गई है। दो मजदूरों की मौत पहले ही हो गई थी। तीसरे मजदूर की देर रात जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हुए थे, जिनमें से चार का इलाज धौलपुर और अन्य स्थानों पर चल रहा है। मृतकों में जीजा-साले के साथ एक अन्य मजदूर शामिल है। तीसरे मृतक मजदूर गोपीचंद पुत्र लक्ष्मण कोली के शव को जयपुर से बाड़ी लाया गया, जहां परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार किया।

**पड़ोसी राज्यों से हो रही राजस्थान में हथियारों की तस्करी**

# अवैध हथियारों का गढ़ बना भरतपुर, निशाने पर तस्कर

■ पुलिस ने 118 अपराधियों को किया गिरफ्तार

■ 2 साल में 100 से अधिक हथियार जब्त

**बेधड़क | भरतपुर**

हरियाणा और उत्तर प्रदेश के सटे भरतपुर जिले में अवैध हथियारों की धड़ल्ले से तस्करी हो रही है। यही वजह है कि बीते दो सालों में भरतपुर जिला पुलिस ने 100 से ज्यादा अवैध हथियारों को जब्त कर 118 अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

ये अवैध हथियार मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से तस्करी कर यहां लाए जाते हैं। बाद में इन्हीं अवैध हथियारों के दम पर आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया जाता है। इतना ही नहीं कई बार अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। जिला पुलिस ने अप्रैल 2022 से 2023 तक आर्म्स एक्ट में 59 बदमाश और आरोपियों को पकड़ा। साथ ही 2 अवैध बंदूक, 47 रिवाल्वर/कट्टा/पिस्टल/ पौना, 80 कारतूस और 16 अन्य धारदार हथियार बरामद किए। जबकि अप्रैल 2023 से 2024 तक आर्म्स एक्ट में 59 आरोपियों को गिरफ्तार कर 55 अवैध रिवाल्वर/कट्टा/पिस्टल/पौना और 266 कारतूस बरामद किए। इसके अलावा 11 अन्य धारदार बरामद किए। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि भरतपुर अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित है। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में सामने आया है कि यहां पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से अवैध हथियार तस्करी कर यहां लाए जाते हैं। यहां लंबे समय से हथियारों की तस्करी होती रही है। इसकी रोकथाम के लिए जिला पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करती रही है। हमारा उद्देश्य जिले में अवैध हथियारों की तस्करी पर रोक लगाना है, ताकि यहां के अपराध पर लगाम लगाई जा सके।



### इसलिए हो रही है अधिक तस्करी

एसपी ने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी करने वालों में बाहरी लोगों के साथ ही स्थानीय लोग भी लिप्त हैं। पड़ोसी जिला होने की वजह से यहां के लोगों की पड़ोसी राज्यों में रिश्तेदारियां भी हैं, जिसकी वजह से इनका आना जाना लगा रहता है और तस्करी में आसानी भी रहती है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में समय में भी काफी लोग हमारे राडार पर हैं। इनके विरुद्ध व्यूह रचना रचके प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।एसपी ने बताया कि जिले के युवाओं में बीते कुछ वर्षों में अवैध हथियारों का चलन बढ़ा है। युवा वेबसरीज आदि से प्रभावित होकर अवैध हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कई बार युवाओं द्वारा अवैध हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर भी फोटो अपलोड करने के मामले सामने आते रहे हैं।

**दो साल में जब्त हथियार**

**102** कट्टा और पिस्टल बरामद

**346** कारतूस जब्त

**27** अन्य धारदार हथियार

**राजस्थान की सीमा से जुड़े मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से हो रही तस्करी**

# दुकान पर बैठे व्यापारी पर दिनदहाड़े फायरिंग

**भागते समय आरोपी को भीड़ ने पकड़ा, 17 मामले हैं दर्ज**

**भरतपुर।** डीग जिले की जुरहरा थाना पुलिस ने दिन दहाड़े फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 17 मामले दर्ज हैं। आरोपी ने एक व्यापारी पर फायरिंग की थी। फायरिंग कर भागते समय आरोपी को भीड़ ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि, घटना 2 मई की है। जमील निवासी नौगांवा हाल निवासी जुरहरा क़स्बा ने FIR करते हुए बताया कि मैं कल अपनी दुकान पर बैठा था। तभी आजाद निवासी नूंह हरियाणा दुकान पर आया। आते ही उसने गोली चलाना शुरू कर दी। जिसके पेट, हाथ और पैर में गोली लगी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने बताया कि, गोली मारने के बाद जंगल की तरफ भाग गया है। पुलिस की टीम जगलों की तरफ आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंची। जंगल में भीड़ ने एक युवक को पकड़ा हुआ था। जिसके हाथ पैर मुंह से खून आ रहा था। आरोपी भागते समय गिर गया जिससे उसके चोटें आई थीं। जिसे तुरंत जुरहरा अस्पताल लेकर जाया गया। इलाज कराने के बाद आरोपी से पूछताछ की गई। जांच में पता लगा कि आरोपी पर हरियाणा, भरतपुर, जयपुर कमां, जुरहरा में करीब 17 मामले दर्ज हैं।



**रेलवे विजिलेंस टीम की कार्रवाई**

# दलालों के टिकट बना रहे तीन कर्मचारियों को पकड़ा

■ तत्काल श्रेणी के कई टिकट बरामद

**बेधड़क | भरतपुर**




रेलवे विजिलेंस की टीम ने भरतपुर आरक्षण कार्यालयों पर छापा मारकर दलालों के टिकट बना रहे तीन रेलवे कर्मचारियों को रंगे हाथ पकड़ा है। तीनों कर्मचारियों के खिलाफ केस तैयार कर निलंबित कर दिया गया। रेलवे विजिलेंस की टीम की कार्रवाई के दौरान आरक्षण कार्यालय पर हड़कंप मच गया और मौके से दलाल फरार हो गए। पकड़े गए कर्मचारियों के पास से अवैध रूप से बनाए गए तत्काल श्रेणी के कई टिकट बरामद किए गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, रेलवे विजिलेंस की टीम ने सारस चौराहा और रेलवे स्टेशन स्थित आरक्षण केंद्र पर अचानक कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान रेलवे के तीन कर्मचारियों को दलालों की टिकट बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा और पकड़े गए कर्मचारियों के पास से तत्काल श्रेणी के कई टिकट बरामद किए। रेलवे विजिलेंस की टीम ने तीनों कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर निलंबित कर दिया। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद दलाल भाग निकले। कार्यरत राहुल शर्मा और प्रदीप तिवारी को वहीं से पकड़ लिया गया, जबकि सारस चौराहा से दौलत सिंह को रंगे हाथ पकड़ा है। 16 मार्च 2024 को रेलवे विजिलेंस की टीम ने सारस चौराहा और रेलवे स्टेशन स्थित आरक्षण केंद्र पर कार्रवाई को अंजाम दिया था।

### डेढ़ माह में दूसरी कार्रवाई

उस समय भी टिकट दलाली के आरोप में तीन बाबू और दो दलालों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इनका मामला अभी अदालत में चल रहा है और डेढ़ माह के अंदर यह रेलवे विजिलेंस टीम की दूसरी कार्रवाई है। दलालों के द्वारा रेलवे कर्मचारियों से मिली भगत का तत्काल श्रेणी की टिकट बनवा दी जाती हैं और इन्हीं टिकटों को जरूरतमंद लोगों को दुगनी कीमतों पर बेचा जाता है। टिकट की दलाली का कार्य कही सालों से चल रहा है लेकिन रेलवे विजिलेंस की टीम की कार्रवाई के बावजूद भी यह गोरख धंधा थमने का नाम नहीं ले रहा।

**प्रदर्शनी का उद्घाटन**

# बीकानेर नगर स्थापना दिवस 9 मई को

**बीकानेर।** शहर का 537 वां स्थापना दिवस 9 मई को है। इस उपलक्ष्य में पांच दिवसीय 'उछब थरपणा' समारोह मनाया जाएगा। इन कार्यक्रमों की संख्या का औपचारिक आगाज शुक्रवार से हुआ। बीकानेर की विभिन्न कलाओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि बीकानेर की लोककला एवं लोक संस्कृति अत्यंत समृद्ध है। बीकानेर में कला एवं साहित्य की समृद्ध परंपरा रही है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से इन कलाओं को नई पीढ़ी तक ले जाने का सकारात्मक प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि बीकानेर कला जगत सच्चे अर्थों में आगे बढ़ रहा है। नवाचार लिए हुए बीकानेर का कला वैभव इसका उदाहरण है। जिला कलेक्टर ने करीब 30 कलाकारों की लोकचित्र, यथार्थ और आधुनिक कला से संबंधित एक-एक कलाकृतियों को गौर से देखा। उन्होंने कहा कि बीकानेर की लोक कला और लोक संस्कृति के साथ अन्य नवाचारों के माध्यम से नगर के 537वें स्थापना दिवस को मनाने में अपनी रचनात्मक भूमिका का निवर्हन करें।

**बेंगलुरु में प्रशिक्षण की हुई शुरुआत**

# छह महिला उम्मीदवार बनीं अग्निवीर

**बेधड़क | सिरोही**

राजस्थान से छह महिला उम्मीदवार भारतीय सेना में सम्मिलित हुई हैं। इनमें तीन झुंझनूं और तीन नागौर जिले से हैं। चयनित महिला उम्मीदवारों का कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस के प्रशिक्षण केंद्र, बेंगलुरु में प्रशिक्षण शुरू हो गया है।

सेना के जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया, राजस्थान की छह अग्निवीर महिला उम्मीदवार एक मई 2024 को भारतीय सेना में शामिल हुई हैं। इन उम्मीदवारों का गत एक मई 2024 को कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस के प्रशिक्षण केंद्र, बेंगलुरु में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। राजस्थान राज्य देश की सशस्त्र सेनाओं की सेवा में अग्रणी होने के साथ-साथ राज्य में महिलाओं के बढ़ते सशक्तीकरण का भी प्रतिनिधित्व करता है। मेरिट सूची में तीन उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय, झुंझुनूं से हैं, जो कि झुंझनूं, बीकानेर और चूरू जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जबकि तीन उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय, जोधपुर से हैं, जो कि नागौर जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन सभी उम्मीदवारों ने अपने सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं तक बहुत उच्च अंक प्राप्त किया है और उनमें से एक कला संकाय में स्नातक है। इन सभी ने स्क्रीनिंग टेस्ट में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और सभी उम्मीदवारों के बीच प्रथम छह स्थान हासिल किया है। ये बहादुर महिलाएं अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत कर रही हैं।




### पूर्व सीएम का जन्मदिन मनाया

**चाकसू।** चाकसू में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शुक्रवार को 73वां जन्मदिवस सेवा एवं समर्पण के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सैनी समाज और कांग्रेस जनों द्वारा अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित करने के साथ वृद्धाश्रम सहित गरीब बस्तियों में पहुंचकर सेवार्थ के कार्य करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अच्छे स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की गई। पूर्व पार्षद हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि राजस्थान के यशस्वी लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर कस्बे के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में मरीजों को फल, बिस्किट और पानी की बोतल बांटी गई है।

**बटुक भैरव बाबा मंदिर में सामूहिक गोठ कल**

# मंदिर के विकास के लिए बनाई योजना

**बेधड़क | चाकसू**

चाकसू के प्राचीन भैरव मंदिर के निर्माण और विकास कार्यों को लेकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसी के तहत 5 मई को सामुहिक गोठ का भी आयोजन रखा गया है।

नगर के वरिष्ठजनों द्वारा बताया गया कि चाकसू कस्बे के पूर्वी दिशा के प्रवेश द्वार पर नगर की रक्षा के लिए बटुक भैरव बाबा के मंदिर की स्थापना मान्यताओं के अनुसार आठवीं शताब्दी में की गई थी। किसी भी तरह के संकट से बचाव के लिए हमारे पूर्वज इन्हीं रक्षक लोक देवताओं का सहारा लेते आ रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट अमित बाहेती ने बताया कि मंदिर निर्माण समिति द्वारा सामूहिक सहयोग से मंदिर के हाल एवं छत का निर्माण करवा दिया गया है तथा इस उक्त मंदिर के संबध में गांव वासियों के सहयोग से योजनापूर्वक समुचित विकास एवं निर्माण के लिए सामूहिक गोठ बुलाई गई हैं। एडवोकेट अमित बाहेती बताया कि मीटिंग में यशवंत शर्मा, भगवान सहाय सांवरिया, रामावतार शर्मा आर्किटेक्ट, श्रवण लाल फागणा, मोहनलाल सांवरिया, विक्रम सांवरिया, सुरेंद्र सांवरिया, पोखर बागड़ा, राजू सांवरिया, नाथूलाल शर्मा, सत्यनारायण सांवरिया, पवन शर्मा, बाबूलाल सैनी, महेंद्र सांवरिया, गुड्डू जांगिड़, गणपत सैनी, मुरारी गुर्जर, मथुरालाल सांवरिया, कंवरपाल सांवरिया, महेंद्र सांवरिया अहमदाबाद आदि भक्तगण उपस्थित रहे।



**दो दिवसीय दौरे पर शांतिवन पहुंचे सिक्किम के मुख्यमंत्री**

# शांतिवन का थर्मल पावर सोलर प्लांट सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अद्भुत मॉडल

**बेधड़क | सिरोही**

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग अपने दो दिवसीय पारिवारिक दौरे पर शुक्रवार को ब्रह्माकुमारीज के मुख्यालय शांतिवन पहुंचे।

मुख्यमंत्री के आगमन पर संस्थान की ओर से मनमोहिनीवन स्थित पीस कॉटेज में कोलकाता की प्रभारी बीके कानन, सिक्किम की प्रभारी बीके सोनम, पीआरओ बीके कोमल ने स्वागत किया। इसके बाद सीएम तमांग ने सपरिवार मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। थर्मल सोलर पावर प्लांट के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री तमांग ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यह अद्भुत मॉडल है। देश भर में ऐसी तकनीक को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। मेरा प्रयास रहेगा कि सौर ऊर्जा की इस देशी तकनीक को अपने राज्य में भी स्थापित किया जाए। इस दौरान वरिष्ठ बीके सदस्यों से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्माकुमारी भाई-बहनों जैसा समर्पण भाव यदि दुनिया के लोगों में आ जाए तो यह दुनिया स्वर्ग बन जाएगी। बिना समर्पण भाव के कोई संस्थान इतने विशाल रूप में सेवा नहीं कर सकता है।



### सेवा के भाव से राजनीति में आया हूं

मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं सेवा करने के भाव से राजनीति में आया हूं। क्योंकि राजनीति ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा हम बड़े बदलाव कर सकते हैं। लोगों की सेवा और मदद कर सकते हैं। मेरा प्रयास रहता है कि जितना हो सके जनता की सेवा करूं। मुझे लोगों की सेवा करके खुशी मिलती है। मेरे जीवन का उद्देश्य ही सेवा है, राजनीति में मूल्य जरूरी है।

### राज्य में ब्रह्माकुमारीज की सेवाएं जारी

उन्होंने कहा कि मैंने सिक्किम में ब्रह्माकुमारी बहनों से आग्रह किया कि आप सभी स्कूल और गांवों में लोगों में नैतिक मूल्य की शिक्षा पर जोर दें तो इन बहनों ने उम्मीद से अधिक सेवा भाव से बदलाव कर दिखाया। ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिक्किम राज्य के प्रत्येक शहर में सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। सेवा केंद्र से जुड़कर अनेक लोगों का जीवन बदला है। मेरी धर्म पत्नी भी रोजाना राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करती हैं। मेरी दिनचर्या भी सुबह चार बजे शुरू हो जाती है। रोजाना कुछ समय ध्यान करता हूं।

### दादी से लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री सपरिवार राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी से मिलने पहुंचे। जहां दादी ने माला पहनाकर और परमात्मा का स्मृति चिंह भेंटकर मुख्यमंत्री का सम्मान किया। इस दौरान अतिरिक्त महासचिव बीके राजयोगी बृजमोहन भाई ने कहा कि आप सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि परमात्मा के घर में आए हैं। परमात्मा को पाने के बाद जीवन में कुछ पाना शेष नहीं रह जाता है। हम सभी आत्माओं के परमपिता शिव परमात्मा से योग लगाने से आत्मा की सोई हुई शक्तियां जागृत हो जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अध्यात्म से जुड़े कई सवाल भी किए।

### रिट्रीट सेंटर के उद्घाटन का दिया आमंत्रण

दादी कॉलेज में संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी दीदी और मीडिया निदेशक बीके करुणा भाई, बीके प्रकाश भाई ने सीएम का सम्मान किया। सीएम ने कहा कि खुद को भाग्यशाली समझता हूं कि परमात्मा का छोटा सा घर बनाने का मौका मिला। गंगटोक में राजयोग मेडिटेशन रिट्रीट सेंटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी को गंगटोक आने का आमंत्रण दिया।

भर्ती परीक्षाओं में बड़ा बदलाव, 16 मई से आरपीएससी में प्रतियोगी परीक्षाओं का दौर होगा शुरू

# आरपीएससी: परीक्षार्थियों को देना होगा हैंडराइटिंग का नमूना भी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से मई-जून में होने वाली परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए नवाचार किया गया है। इन दो महीनों में असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन एंड पीटीआई परीक्षा-2023 के परीक्षाएं होंगी। परीक्षा में अभ्यर्थियों की हैंडराइटिंग का नमूना अटेंडेंस शीट पर लिया जाएगा।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ये परीक्षाएं 16 मई से 2 जून तक चलेंगी। डमी अभ्यर्थियों को रोकने के लिए इस परीक्षा से परीक्षार्थियों की



हैंडराइटिंग का नमूना भी अटेंडेंस शीट पर लिया जाएगा। इसी प्रकार अटेंडेंस शीट पर अभ्यर्थी की स्पष्ट और बड़ी फोटो प्रिंट की जाएगी ताकि परीक्षा केंद्र पर वीक्षकों की ओर से अभ्यर्थी की पहचान सुनिश्चित करते हुए डमी अभ्यर्थियों को रोका जा सके।

## अटेंडेंस शीट पर लिखना होगा एक वाक्य

आयोग की ओर से जारी प्रवेश-पत्र के साथ अटेंडेंस शीट भी संलग्न होती है। इस शीट को परीक्षा केंद्र पर वीक्षक अभ्यर्थी की पहचान कर स्वयं के, केंद्राधीक्षक और अभ्यर्थी के हस्ताक्षर करवाकर प्रवेश-पत्र से अलग कर केंद्र पर जमा करते हैं। परीक्षा पूरी होने के बाद यह अटेंडेंस शीट परीक्षा सामग्री के साथ आयोग को भेजी जाती है। परीक्षार्थी को अटेंडेंस शीट के निचले भाग में दिए गए स्थान पर एक्जामिनर की उपस्थिति में एक वाक्य लिखना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी अपने हस्ताक्षर कर स्वयं की ओर से लिखे गए वाक्य की पुष्टि करेगा।

## प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा पर अधिकारी करेंगे वीडियो कॉन्फ्रेंस

आयोग की ओर से प्रश्न-पत्रों की सुरक्षा के संबंध में भी कई आवश्यक कदम उठाए गए हैं। सुरक्षात्मक उपायों एवं परीक्षा के सुगम आयोजन के संबंध में 9 मई 2024 को अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस, एसओजी एवं एटीएस, जयपुर, कलेक्टर, अजमेर व जयपुर पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक अजमेर, अतिरिक्त कलेक्टर एवं परीक्षा समन्वयक अजमेर व जयपुर, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (परीक्षा प्रभारी) पुलिस आयुक्तालय जयपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस नोडल अधिकारी अजमेर, संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा अजमेर व जयपुर तथा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) अजमेर व जयपुर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचार-विमर्श भी किया जाएगा।

## 27 विषयों के 2033 पदों के लिए 182257 अभ्यर्थी पंजीकृत

राजस्थान लोकसेवा आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के तहत 27 विषयों के कुल 2033 पदों के लिए परीक्षाओं का आयोजन अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय पर निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। परीक्षा के लिए 1 लाख 82 हजार 257 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं। परीक्षार्थियों को यथानुसार परीक्षा का समय और परीक्षा स्थान के बारे में सूचना उपलब्ध करवाई जाएगी।

## 65 सौ से ज्यादा ने लिए वापस आवदेन

इधर, राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही धांधली को रोकने के लिए कर्मचारी चयन बोर्ड में अनोखी पहल शुरू की । इसके तहत बोर्ड ने भर्ती परीक्षा के आयोजन से पहले ही अयोग्य अभ्यर्थियों से अपना नाम वापस लेने की अपील की थी। ऐसा नहीं करने पर अभ्यर्थी के खिलाफ FIR करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद राजस्थान में होने वाली 10 भर्ती परीक्षाओं के आयोजन से पहले ही 7 दिन में 6582 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया है। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि बोर्ड द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में पिछले लंबे वक्त से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी गलत जानकारी देकर आवेदन कर रहे थे। इसकी वजह से भर्ती परीक्षा के आयोजन के बाद पात्र और योग्य अभ्यर्थियों को परेशान होना पड़ता था। ऐसे में इस बार भर्ती परीक्षा के आयोजन से पहले ही बोर्ड ने 7 दिन का वक्त देकर गलत दस्तावेजों के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपना नाम वापस लेने की सख्त हिदायत दी थी।

**Yuva स्टोरीज**

## जेईई-मेन में 16 स्टूडेंट्स ने किए 97 पर्सेन्टाइल से अधिक अंक हासिल



बेधड़क | जयपुर।

नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी की ओर से आयोजित देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा-मुख्य (जेईई मेन) में टैगोर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। संस्था सीईओ डॉ. रूचिरा सोलंकी ने बताया कि इस वर्ष 16 छात्र-छात्राओं ने 97 पर्सेन्टाइल से अधिक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इन सभी को स्कूल की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। परीक्षा में दर्श माहेश्वरी (99.97), क्रतिन गुप्ता (99.95), सामिया सिंघल (99.67), आदित्य दाधीच (99.48), दिशा बेलवानी (99.03), सुधांश खण्डेलवाल (98.76), गौरव घोटर (98. 7), तेजस्विनी राठौर (98.5), आदित्य राठौर (98.3), अंश तैलंग (98.11), पलक खण्डेलवाल (98), लक्षिता भीमसरिया (97.67), यथार्थ मेठी (97.63), तनुज तुलस्यान (97.6), आर्यन ठाकुर (97.51), और कृष अग्रवाल (97.42), ने इस परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। इस अवसर पर टैगोर विद्या भवन के प्राचार्य अनिल पूनिया ने कहा कि इन होनहार विद्यार्थियों को निरन्तर पढ़ते रहने की प्रेरणा दी और कहा कि अपनी क्षमताओं पर अटूट विश्वास रखते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लगातार कठिन परिश्रम करें। जब आप बड़े सपने देखते हैं और उनके लिए कड़ी मेहनत करते हैं तो आप न केवल खुद को बल्कि परिवार के साथ अपने स्कूल के नाम को भी आगे बढ़ाते हैं।



## इंटेक्टर्स की वार्षिक गतिविधियों के आधार पर स्कूलों को सम्मान

बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर की ओर से प्रायोजित इंटरेक्ट क्लबो के इंटेक्टर्स की वार्षिक गतिविधियों के आधार पर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। इसमें बेस्ट इंटरेक्ट क्लब रनिंग ट्राफी (चल वैजयंती) द पैलेस स्कूल को,बेस्ट इंटरेक्ट प्रेसिडेंट एम जी डी स्कूल की छवि शर्मा को, बेस्ट इंटरेक्ट टीचर इंचार्ज अवार्ड हसन अहमद द पैलेस स्कूल को, बेस्ट हेल्पिंग क्लब अवार्ड महेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौड़ा रास्ता को, बेस्ट प्रिंसिपल अवॉर्ड राखी निर्वाण यूनिवर्स पब्लिक स्कूल को, बेस्ट इंटरेक्ट प्रोजेक्ट अवार्ड रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल को, बेस्ट कल्चरल प्रोजेक्ट अवार्ड भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम, बेस्ट एजुकेशनल प्रोजेक्ट अवार्ड श्री वीर बालिका सीनियर सेकंडरी विद्यालय को, बेस्ट सोशल सर्विस प्रोजेक्ट अवार्ड सेंट टेरेसा स्कूल निवारु रोड को, बेस्ट कम्युनिटी सर्विस प्रोजेक्ट अवार्ड टैगोर इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर को प्रदान किया गया। एक्टिव इंटरेक्ट क्लब अवार्ड से महावीर पब्लिक स्कूल, टैगोर विद्या भवन मानसरोवर, महेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल विद्याधर नगर, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर, साधु वासवानी पब्लिक स्कूल, चिल्ड्रनस एकेडमी बनी पार्क, मोदी स्कूल लक्ष्मणगढ़, सेंट टेरेसा स्कूल मानसरोवर,दिल्ली पब्लिक स्कूल,टैगोर पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर, टैगोर विद्या भवन शास्त्री नगर,उच्च माध्यमिक बालिका आदर्श विद्या मंदिर, सेंट एडमंड्स स्कूल, निमावत पब्लिक स्कूल,टैगोर पब्लिक स्कूल वैशाली नगर, एस आर बी पब्लिक स्कूल, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल कालवाड रोड को पुरस्कार प्रदान किया गया।

फिल्म श्रीकांत के प्रमोशन में झूमा रावत स्कूल

# अभिनेता राजकुमार संग स्टूडेंट्स की डांस-मस्ती

बेधड़क | जयपुर



राजधानी के प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में अभिनेता राजकुमार राव और उनकी टीम फिल्म श्रीकांत के प्रमोशन पहुंची। अभिनेता और उनकी टीम का रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत और निदेशक नरेंद्र सिंह रावत की ओर से राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया गया। यहां प्रमोशनल कार्यक्रम में अभिनेता राजकुमार राव ने बच्चों के साथ जमकर जुगलबंदी की और अपने अंदाज से बच्चों को जीवन में कभी हार ना मानने के लिए प्रोत्साहित किया। राव ने कहा कि किरदार में डूबना ओमपुरी साहब से सीखा। जब शूटिंग पर होता था तो ऐसा होता था कि किसी को देख नहीं पाता था।

इस दौरान बच्चों को उनके आने वाली फिल्म श्रीकांत का प्रोमो भी दिखाया गया। जिसके बाद विद्यार्थियों ने राजकुमार राव से फिल्म से संबंधित कुछ रोचक सवाल भी पूछे जिसका उन्होंने विस्तृत जवाब दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अभिनेता के साथ फिल्म के गीतों पर अभिनेता के साथ डांस किया और फिल्म की सफलता के लिए केक काटा गया। राजकुमार राव ने भी इस अवसर पर फिल्म से जुडे अपने अनुभव शेयर किए। राजकुमार राव को देखने के दौरान बच्चों ने जमकर श्रीकांत नाम की हूंटिंग भी की।



## रूपहली दुनिया के सितारों से कराया जाता है रूबरू

कार्यक्रम में फिल्म की टीम ने अक्षेद्र वेलफेयर सोसायटी की ओर से आयोजित परिंडा अभियान को भी प्रचारित किया। कार्यक्रम में रावत एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन निर्मला रावत आगंतुकों का स्वागत किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि विद्यालय में समय समय पर प्रेरणादायक फिल्मों के प्रमोशन के लिए फिल्मी सितारों को बुलाया जाता है एवं बच्चों को रूपहली दुनिया के सितारों से रूबरू कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय हमेशा गतिविधि आधारित शिक्षण पर जोर देता है। अंत में प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद दिया।





## प्लास्टिक कचरे को ट्रीट करने के लिए नया समाधान किया विकसित

बेधड़क | जयपुर

मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे) ने यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रीयल डवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (UNIDO) के सहयोग से, डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (DPIIT) और इंडियन रबर मटेरियल्स रिसर्च इंस्टीट्यूट (IRMRI) द्वारा समर्थित, भारतीय कागज उद्योग में प्रति वर्ष 0.5 मिलियन टन से अधिक की प्रचुर मात्रा में उत्पन्न मिश्रित प्लास्टिक वेस्ट के पुनर्चक्रण के लिए एक नवीन समाधान विकसित किया है। एमयूजे के अध्यक्ष डॉ. जीके प्रभु ने ऐसे उल्लेखनीय शोध के लिए डॉ. अभिषेक शर्मा और उनकी टीम को बधाई दी। इस प्रोजेक्ट में प्लास्टिक वेस्ट के थर्मो-केमिकल ट्रीटमेंट और कमर्शियल ग्रेड ईंधन/रसायन में इसके रूपांतरण की एक होलिस्टिक एप्रोच शामिल है और रबर उद्योग जैसे बाइसिकल टायर और अन्य कम्पोनेंट्स में कार्बनयुक्त उपोत्पाद के मूल्य वर्धित औद्योगिक अनुप्रयोग को खोजना और इस प्रकार पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित मुद्दों का समाधान करना शामिल है। डीपीआईआईटी (DPIIT) के समर्थन में यूएनआईडीओ (UNIDO) द्वारा प्रायोजित इस प्रोजेक्ट में भारत में पेपर मिलों के साथ बातचीत के आधार पर तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. राकेश जैन और टीम यूएनआईडीओ की रणनीतिक दृष्टिकोण को शामिल किया गया है। प्रोफेसर अभिषेक शर्मा के मार्गदर्शन में मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के जैव प्रौद्योगिकी और केमिकल इंजीनियरिंग विभाग की अनुसंधान टीम ने मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभागों के संकाय सदस्यों की भागीदारी के साथ प्रोजेक्ट को क्रियान्वित किया।

## स्वर्ण पदक विजेता जूही ने की राज्यपाल से मुलाकात

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में नेशनल ओपन कराटे चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता जुही प्रजापति ने मुलाकात की। जूही ने बीएसएफ ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 10 और 11 वर्ष के आयु वर्ग में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए डबल स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस चैंपियनशिप में 22 राज्य से 1500 से भी अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। राज्यपाल मिश्र ने जूही प्रजापति की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए



उसकी सराहना की। उन्होंने दूसरों से भी इससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लड़कियों को यदि अवसर मिलते हैं तो वे आकाश छू सकती हैं।

**प्रवेशोत्सव** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव के निर्देश

# छठवीं तक के बालकों का स्कूलों में प्रवेश हो सुनिश्चित

बेधड़क | जयपुर

"स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को शिक्षा संकुल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंनेकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाईन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शिक्षा विभाग सहित कॉलेज शिक्षा, चिकित्सा विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता, जनजाति विकास विभाग को आवंटित टास्क निर्धारित समय पर पूर्ण करने तथा क्रियान्वयन समितियों की बैठक आयोजित कर प्रगति की नियमित समीक्षा के निर्देश



दिए। उन्होंने सामाजिक आर्थिक रूप से वंचित, आदिवासी क्षेत्र, घुमन्तु एवं पशुपालक वर्ग को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने तथा मां-बाड़ी केन्द्रों से समन्वय कर कक्षा 4 उत्तीर्ण सभी छात्रों को कक्षा 5 में प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रवेशोत्सव के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 6 वर्ष के बालकों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करें। उन्होंने शत-प्रतिशत साक्षर राजस्थान बनाने के लक्ष्य को अर्जित करने पर भी जोर दिया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को जाएगा जोड़ा

शासन सचिव कुणाल ने ड्रॉप आउट रोकने के लिए छात्रों को स्थानीय इतिहास एवं संस्कृति की जानकारी देने, होलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के फोर्मेट को सरल बनाने, व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी एवं निजी विद्यालयों में समन्वय कर खेल मैदान आदि सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को देने की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। सामुदायिक गतिशीलता के अन्तर्गत स्थानीय सेवानिवृत्त शिक्षकों को जोड़कर विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों वाले विषयों के अध्ययन की वैकल्पिक व्यवस्था के प्रयास करने तथा आईसीटी लैब से अधिकाधिक छात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

**बैठक में ये अधिकारी हुए शामिल**

बैठक में विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता, आयुक्त, स्कूल शिक्षा परिषद् अविचल चतुर्वेदी, निदेशक आशीष मोदी, निदेशक आरएससीईआरटी कविता पाठक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर एवं सुरेश कुमार बुनकर आदि थे।

# मसालों पर बैन और व्यापारिक कूटनीति



प्रेम प्रकाश
स्वतंत्र टिप्पणीकार

समय और संदर्भ मिलकर साझे तौर पर हमारे देशकाल को रचते हैं। इस लिहाज से देखें तो हमारा देशकाल बीसवीं सदी के आखिरी दशक से लेकर अब तक कोई ठोस निर्मितियों को लेकर आया है। हम इस पूरे दौर को देखेंगे तो कई बातें जहां साफ होती हैं, वहीं इससे हम अपने समकाल को भी ज्यादा बेहतर समझ पाते हैं। गौरतलब है कि दुनियाभर में बाजार के दरवाजे एक साथ खुलने से जो स्थिति पैदा हुई है, उसमें भारत जैसे बड़ी आबादी और उत्पादक संभावनाओं वाले देश ने बीते दो-तीन दशक में बड़ी छलांग लगाई है। पर अब इससे आगे की स्थिति पगबाधा दौड़ जैसी है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसे खासतौर पर व्यापारिक मोर्चे पर न सिर्फ कठिन अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ रहा है, बल्कि विभिन्न स्तरों पर सक्रिय अंतरराष्ट्रीय लॉबी भी उसके खिलाफ है। बड़ी बात यह कि खासतौर पर कोविड बाद के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ी मजबूती ने भारत के खिलाफ अघोषित रूप से अंतरराष्ट्रीय साठगांठ को जन्म दिया है। लिहाजा इसे व्यापारिक कूटनीति के रूप में देखना ज्यादा सही होगा। किसी एक देश के खिलाफ इस तरह कूटनीतिक मोर्चा खुलना बिल्कुल नई बात है।

इस पूरे मामले में नई खबर यह है कि भारत में बने कफ सिरप पर रोक से शुरू हुआ मामला अब भारत से निर्यात हुए मसालों पर आ गई है। सिंगापुर और हांगकांग के भारत के कुछ बड़े ब्रांड के मसालों को बैन करने के बाद अमेरिकी फूड और ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी इस मामले में सक्रिय हो गया है। हैरत नहीं कि बैन का फैसला अमेरिका की तरफ से भी देर-सबेर आ जाए। फिलहाल की स्थिति में एफडीए ने कहा है वह भारतीय कंपनियों को लेकर लेकर जारी रिपोर्ट्स को लेकर गंभीर है और वह इस बाबत ज्यादा जानकारी जुटाने में लगा है। वैसे एफडीआई के जांच या किसी निर्णायक जांच या निर्देश से पहले ही अमेरिका में भारतीय मसालों को लेकर सख्ती बढ़ गई है।

> *दो देशों के बैन के घोषित फैसले के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) भी इन दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है। हालिया चर्चा में आए मसालों के दोनों ही ब्रांड देश में भी खासे लोकप्रिय हैं। बात इनकी अंतरराष्ट्रीय साख और व्यापारिक नेटवर्क की करें तो ये मसाले यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में खूब प्रचलन में है। फूडिंग, कूकिंग और रेसिपी को लेकर प्रभावशाली तरीके से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिखने-बोलने वालों ने यह बात बीते वर्षों में बार-बार कही है कि भारतीय मसालों ने दुनिया भर के लोगों का स्वाद बदल दिया है।*

आलम यह है कि बीते छह महीने में अमेरिका ने भारत की सबसे बड़ी मसाला कंपनी के 31 फीसद मसालों के शिपमेंट को लेने से मना कर दिया है। अमेरिका से भारतीय मसालों के शिपमेंट को लौटाने के पीछे फिलहाल कारण यह बताया जा रहा है कि यह फैसला साल्मोनेला संक्रमण के खतरों को लेकर लिया गया है। अलबत्ता भारतीय मसालों को लेकर अस्वीकार की स्थिति अमेरिका में नई नहीं है, बल्कि देखा जाए तो यह सिंगापुर और हांगकांग के बैन के पहले से चला आ रहा मामला है। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले साल भी भारत से आने वाले 15 फीसद मसालों को लौटाया था। वैसे भारत और अमेरिका से आगे बढ़कर यह मामला अब मालदीव तक पहुंच गया है। मालदीव ने भारतीय मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी का कहना है कि भारत के दो मशहूर ब्रांड के मसालों में एथिलीन ऑक्साइड मिला है जिसके कारण इनकी बिक्री पर रोक लगाई गई है। इससे पहले सिंगापुर और हांगकांग ने इन भारतीय ब्रांडों के कुछ उत्पादों में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें प्रतिबंधित किया था। बताया गया कि इनमें पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। बात अंतरराष्ट्रीय मानक और चेतावनियों की करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) एथिलीन ऑक्साइड को ग्रुप वन के कार्सिनोजेन के रूप में देखता और वर्गीकृत करती है। लिहाजा इस निष्कर्ष से इनकार मुश्किल है यह लोगों में कैंसर का कारण बन सकता है।

अंतरराष्ट्रीय जगत से आई इन खबरों के बाद भारत का सक्रिय होना स्वाभाविक है। यह उसके लिए व्यापार में नुकसान से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय साख का सवाल है। लिहाजा दो देशों के बैन के घोषित फैसले के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा नियामक (एफएसएसएआई) भी इन दोनों कंपनियों के मसालों की जांच कर रहा है। हालिया चर्चा में आए मसालों के दोनों ही ब्रांड देश में भी खासे लोकप्रिय हैं। बात इनकी अंतरराष्ट्रीय साख और व्यापारिक नेटवर्क की करें तो ये मसाले यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में खूब प्रचलन में है। फूडिंग, कूकिंग और रेसिपी को लेकर प्रभावशाली तरीके से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लिखने-बोलने वालों ने यह बात बीते वर्षों में बार-बार कही है कि भारतीय मसालों ने दुनिया भर के लोगों का स्वाद बदल दिया है। यह बदलाव इतना बड़ा है कि अलग-अलग प्रकार और स्वाद वाले इंडियन कड़ीज और इंटरनेशनल रेसिपीज का हिस्सा हैं। मौजूदा घटनाक्रम का भारत के लिए व्यापारिक महत्व कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2022-23 में भारत ने करीब 32 हजार करोड़ रुपए के मसालों का निर्यात किया। मिर्च, जीरा, हल्दी, करी पाउडर और इलायची भारत से निर्यात होने वाले कुछ प्रमुख मसाले हैं।

बहरहाल, इस पूरे मामले को सेहत से जुड़ी चेतावनियों से आगे व्यापारिक कूटनीति के लिहाज से देखा जाना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि हालिया घटनाक्रम से पहले के भी कुछ तथ्य महत्वपूर्ण हैं। आज से दस-बारह साल पहले इसी तरह का एक मामला उठा था।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान

# अवरोध से संक्रामक बीमारियों का खतरा



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *दुनिया के देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाना पहली प्राथमिकता रही। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए भारत ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया। परिणाम सामने हैं। आज कोरोना का आतंक लगभग समाप्त हुआ है। पर करोना के साइड इफेक्ट आज भी सामने हैं। हांलाकि कोरोना में मौत को नजदीक से देखने और कोरोना के कारण लाचारगी के बावजूद दुनिया के देशों में जो समझ आनी चाहिए थी वह कोसों दूर है।*

लैंसेंट ग्लोबल हेल्थ में हालिया प्रकाशित रिपोर्ट इस मायने में चिंतनीय और महत्वपूर्ण हो जाती है कि विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान में अवरोध का असर सामने आने लगा है। दुनिया के देशों के सामने खसरा, हैजा, हेपेटाइटिस सहित 14 से अधिक बीमारियों के फैलने का संकट उभरने लगा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में हैजे के कारण मौत का आंकड़ा लगभग दो गुणा हो गया है। तपेदिक नए वेरियंट में आने लगी है जिसमें लगातार खांसी नहीं होने के कारण तपेदिक का पता लगने तक काफी देरी होने लगी है।



दरअसल कोरोना अपने साइड इफेक्ट इस हद तक छोड़ गया है कि उसका असर हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से आने वाले कई सालों तक देखने को मिलेगा। कोरोना के कारण दुनिया के देशों में टीकाकरण अभियान पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। 2019 के अंतिम त्रैमास से 2020 तक कोरोना त्रासदी और उसके बाद कोरोना के नित नए वेरियंट के कारण स्वास्थ्य को लेकर चल रहे विभिन्न अभियानों पर सीधा सीधा असर पड़ा है। मजे की बात यह है कि उसका असर अब दिखाई देने लगा है। इंपिरियल कॉलेज लंदन के शोधार्थियों ने भारत सहित 112 देशों में किए गए अध्ययन में यह पाया है कि टीकाकरण में कोरोना काल में टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के कारण 2030 तक दुनिया के देशों में खसरा सहित 14 बीमारियों के फैलने के कारण अतिरिक्त मौत होगी। एक अनुमान के कारण अकेले खसरे के कारण ही 40 हजार से अधिक जान जाने का अनुमान है। हैजे के कारण होने वाली मौतों के आंकड़े सामने आए हैं। करीब करीब दो गुणी गति से हैजे के मामले सामने आने लगे हैं। 2023 में सात लाख के करीब मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसीलिए चिंता जताई है।

दरअसल टीकाकरण अभियान प्रभावित होने के लिए किसी को दोष भी नहीं दिया जा सकता। कोरोना 2019 के हालात ही ऐसे थे कि उस समय केवल और केवल कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने और लोगों की जान बचाना एकमात्र प्राथमिकता रह गई थी। हालात भयावह थे तो न भूतो न भविष्यति के हालात थे। सब कुछ ठहर जाने और दुनिया के किसी भी कोनों में नजर डालो चारों ओर मौत का तांडव ही दिखाई देता था। सारी दुनिया का ध्यान इस त्रासदी से एक एक जान बचाना बड़ी प्राथमिकता थी। इस दौरान टीकाकरण अभियान तो जोर-शोर से चला पर वह अन्य बीमारियों के स्थान पर कोरोना से बचाव के वैक्सीनेशन और उसके पहली और दूसरी डोज पर ही केंद्रित रहा। दुनिया के देशों तक कोरोना वैक्सीन पहुंचाना पहली प्राथमिकता रही। कोरोना वैक्सीनेशन के लिए भारत ने सारी दुनिया का नेतृत्व किया। परिणाम सामने हैं। आज कोरोना का आतंक लगभग समाप्त हुआ है। पर करोना के साइड इफेक्ट आज भी सामने हैं। हांलाकि कोरोना में मौत को नजदीक से देखने और कोरोना के कारण लाचारगी के बावजूद दुनिया के देशों में जो समझ आनी चाहिए थी वह कोसों दूर है। रुस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध, चीन की दादागिरी सहित दुनिया के देशों में संघर्ष, आतंकवादी घटनाएं बहुत कुछ सोचने को मजबूर करती है। हालांकि यहां विचार करना विषयांतर होगा।

दरअसल कोरोना काल ही ऐसा था कि उस समय वर्षो से चले आ रहे अभियान लगभग ठहर ही गए थे। बल्कि यूं कहा जाए कि उस समय सारी दुनिया का ध्यान सबसे हटकर कोरोना त्रासदी से बचाव की और ही रह गया था। कोरोना प्रोटोकाल और कोरोना वायरस के संक्रमण के तरीके ने ही हिला कर रख दिया था। मास्क, सेनेटाइजर, सोशियल डिस्टेंस उस समय का धर्म था तो अस्पताल तो दूर की बात घर से निकलते भी भय लगता था। ऐसे में टीकाकरण अभियान बाधित होना ही था। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीन की और सबका ध्यान होने से अन्य वैक्सीन के उत्पादन और उपलब्धता प्रभावित होना स्वभाविक था। पर अब जो अध्ययन सामने आया है और जो देखने को मिल रहा है वह चिंतनीय है। खसरा, हैजा, तपेदिक, हैपेटाइटिस बी सहित 14 प्रकार के टीके जो समय पर लगाये जाने आवश्यक होते हैं, वह प्रभावित हुए हैं। खसरा और फ्लू के नित नए वैरियंट सामने आ रहे हैं। स्वाइन फ्लू, पैरट फीवर, रुबेला, न्यूमोनिया और ना जाने क्या क्या जानलेवा बीमारियां असर दिखाने लगी है। हैजे के दो साल में ही बढ़ते मामलों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन अपनी चिंता जता चुका है। केवल हैजे के ही 2022 की तुलना में 2023 में करीब 48 प्रतिशत अधिक मामलें सामने आना अत्यधिक चिंता का कारण हैं। लोगों के इम्यूनेशन पॉवर में कमी आना बेहद चिंतनीय है। मौसम के जरा से बदलाव के साथ ही डॉक्टरों के यहां कतार लग जाना और नित नए वैरियंट में बीमारियां होना अपने आप में गंभीर हो जाता है। चिकित्सा विज्ञान में शोध व अध्ययन कर रहे शोधार्थियों के लिए हालात चिंतनीय होते जा रहे हैं। उलटा होने यह लगा है कि जो बीमारियां लगभग समाप्ति की और थी उनके नए वैरियंट भी दिखाई देने लगे हैं। तपेदिक इसका जीता जागता उदाहरण है।

अब हालात सामने हैं, कोरोना के कारण जो हालात बने उसके लिए किसी को दोष नहीं दिया जा सकता है। अब हो हालात और चुनौती सामने हैं, उसी को देखते हुए आमजन के स्वास्थ्य की रणनीति तैयार करनी होगी। कोरोना के कारण प्रभावित वैक्सीनेशन से निपटने की योजना बनानी होगी। ऐसे समन्वित प्रयास करने होंगे, ताकि टीकाकरण नहीं होने के कारण जो हालात बन रहे हैं उसका कोई सार्थक समाधान खोजा जा सके। यह किसी एक देश या एक कौम की चिंता नहीं है, अपितु दुनिया के 112 देशों के अध्ययन का परिणाम हैं।

हालात मुंह बाएं सामने हैं। जो होना था वह तो हो गया पर अब इसका संभावित उपाय खोजने के लिए वैज्ञानिकों को जुट जाना होगा। वैज्ञानिकों की मेहनत का ही परिणाम है कि 1937 से 2021 तक टीकाकरण अभियान का ही परिणाम रहा कि इन जानलेवा बीमारियों पर काफी हद तक अंकुश पाया जा सका। पर अब टीकारण अभियान में आए व्यवधान के कारण हालात में थोड़ा बदलाव आया है जिसे ध्यान में रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा। चुनौतियां दो तरह की सामने है। एक और इन बीमारियों के फैलाव या यूं कहें कि संक्रमण को रोकना है तो दूसरी और इनसे प्रभावितों के सही इलाज की चुनौती सामने है। दुनिया के देशों को इसके लिए जुट जाना होगा तो विश्व स्वास्थ्य संगठन को भी गंभीर चिंतन मनन के साथ ही कारगर रणनीति तैयार करनी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# ओहो ! फिर भी मेरा भारत महान है!



आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार

सोने की चिड़िया कहलाने वाला मेरा भारत देश भी बड़ा ही अजब और गजब का है। यहां लोगों को कहना व समझाना पड़ता है कि मतदान करना आपका अधिकार है, आप मतदान अवश्य करें, खुले में शौच न करें, सड़क पर कचरा न फेंकें,धुम्रपान करना सेहत के लिए हानिकारक है। फिर भी मेरा भारत महान है। बिना मांगे रायचंद सलाह देते हैं। यहां के लोगों को चटखारे लेकर दूसरों की हंसी उड़ाने में बड़ा मजा आता है।

धर्म के उपदेश देने वाले बाबा, महाराज लम्बी-लम्बी दाढ़ी वाले दिखते कुछ और हैं करते कुछ और हैं। यहां की जनता भावनाओं में बहती है, अंधविश्वास में विश्वास करती है। फिर भी मेरा भारत महान है। भ्रष्टाचार में डूबे हुए नेता भ्रष्टाचार खत्म करने की बात करते हैं। एक नेता जी तो एक झटके में गरीबी खत्म करने व करोड़ों लोगों को लखपति बनाने की बात करते हैं, जबकि उनकी दादी हर चुनाव में गरीबी हटाने की बात करती थी। फिर भी मेरा भारत महान है। देश को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने वाले नेताजी ने कहा था 15- 15 लाख खाते में आएंगे पर आते ही नहीं।

आलू से सोना बनाने की बात युवा नेता करते हैं पर कभी बनाते नहीं हैं। फिर भी मेरा भारत महान है। झाड़ू वाले नेताजी जोर- जोर से चिल्लाते हैं, हमारी जांच करवाओ, गलत हो तो जेल में डालो। दोषी होने पर जेल में डालते हैं तो कहते हैं हमें फंसाया जा रहा है। फिर भी मेरा भारत महान है। जीवन के अंतिम पड़ाव पर रहने वाले जिनके मुंह में दांत नहीं पेट में आंत नहीं वे भी कहते हैं पार्टी ने हमारा सम्मान नहीं किया इसलिए हमने पार्टी छोड़ दी। दूसरे दलों में रहने पर वह नेता भ्रष्टाचारी होता है, पर अपनी पार्टी में आने पर शिष्टाचारी हो जाता है। फिर भी मेरा भारत महान है। यहां सनातन धर्म को कोरोना, डेंगू न जाने क्या-क्या कहा जाता है। राम को काल्पनिक कहते हैं, कोर्ट में दलीलें देते हैं।

चुनाव के समय कोई जनेऊधारी बन जाता है, तो कोई टोपी पहन लेता है। फिर भी मेरा भारत महान है। जो भारत पहले से ही अखंड है उसे जोड़ने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं और अपनी राजनीतिक रोटियां सकते हैं।

उप्र के एक लाल टोपी वाले नेताजी तो सरकारी आवास से टोटी तक चुरा कर ले जाते हैं। फिर भी मेरा भारत महान है। 8वीं- 9वीं पास उपमुख्यमंत्री, बन जाता है और ग्रेजुएट बेरोजगार घूमता है। किसानों की फसलों के दम तो बढ़ते नहीं पर सांसदों- विधायकों के वेतन-भत्ते जरुर बढ़ते हैं। फिर भी मेरा भारत महान है। यहां पर विपक्ष के नेता दूध से जलने के बाद भी छाछ को फूंक मार कर पीने के बजाय उसे उबाल कर पीते हैं, और हर बार मुंह जला लेते हैं। कभी उनको मौत का सौदागर कहते हैं तो कभी चौकीदार को चोर कहते हैं। बंगाल की एक नेत्री तुष्टीकरण (भेदभाव) करती हैं। फिर भी मेरा भारत महान है।

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
झारखंड के सिंहभूम में जनता-जनार्दन का ये उत्साह अद्भुत है। भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र धरती को मैं सिर झुकाकर नमन करता हूं।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
नारी शक्ति का सम्मान व उत्थान, डबल इंजन भाजपा सरकार की खास पहचान...



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का न्योता क्यों ठुकराया था, ये अब साफ तौर पर सामने आ गया है। कांग्रेस लोकतंत्र के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है। भगवान राम को हराकर ये किसे जिताना चाहते हैं?

## नॉलेज कॉर्नर: 2002 में हुई ICC की स्थापना

# बेहद पावरफुल है इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट

इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट को अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों ने हाल ही में चेतावनी दी थी कि अगर उसने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इजराइली अधिकारियों के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया तो अंजाम भुगतना होगा। हालांकि, क्या आपने सोचा है कि अगर इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वारंट जारी करता है तो क्या होगा और यह कोर्ट कितनी पावरफुल है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट यानी ICC एक अंतरसरकारी संगठन और अंतरराष्ट्रीय ट्रिब्यूनल है, जिसका मुख्यालय नीदरलैंड्स के द हेग में है। इसकी स्थापना साल 1998 में हुए रोम समझौते के आधार पर की गई है। औपचारिक तौर पर इसकी शुरुआत एक जुलाई 2002 को हुई। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं आईसीसी के बारे में...

### छह आधिकारिक भाषाओं में कार्यवाही

आईसीसी का उद्देश्य किसी भी देश की न्याय प्रणाली में हस्तक्षेप करना नहीं है, बल्कि यह उस देश की अदालती प्रक्रिया को बढ़ावा ही देता है। इसका उद्देश्य बस इतना है कि मानवता के खिलाफ होने वाले गंभीर अपराधों के दोषियों पर कार्रवाई हो और पीड़ितों को न्याय मिल सके। इस कोर्ट के करीब सौ सदस्य देशों में से प्रत्येक में नौ से ज्यादा कर्मचारी काम कर रहे हैं और इसकी कार्रवाई दो मुख्य भाषाओं अंग्रेजी और फ्रेंच में होती है। हालांकि, इसकी कुल छह



आधिकारिक भाषाएं हैं, जिनमें अंग्रेजी और फ्रेंच के अलावा अरबी, चीनी, स्पेनिश और रशियन शामिल हैं।इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के चार अंग हैं, प्रेसिडेंसी, ज्यूडिशियल डिवीजन, ऑफिस ऑफ द प्रॉसीक्यूटर और रजिस्ट्री। अलग-अलग देशों में मामलों की जांच के लिए इसकी ओर से दफ्तर भी खोले गए हैं।

### भारत नहीं है सदस्य

इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट के सभी सदस्य देशों के पास अपना-अपना एक वोट है। इस कोर्ट के सामने कोई ऐसा मामला आता है, जिसमें सर्वसम्मति से फैसला नहीं होता तो इन देशों के बीच वोटिंग कराई जाती है। हालांकि, दुनिया के कई प्रमुख देश आईसीसी के सदस्य नहीं हैं। इनमें इजराइल, अमेरिका, रूस और चीन के साथ भारत भी शामिल है, जिसने रोम कानून पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों और प्रभुता को बनाए रखने के साथ ही अभियोजन में पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण इसे स्वीकार नहीं किया है।

### सदस्य देशों को भेजता है वारंट

*आईसीसी के पास अपनी कोई पुलिस नहीं है। इसे अगर किसी व्यक्ति को किसी मामले में गिरफ्तार करना है तो इसके लिए संबंधित देश की एजेंसियों की ही मदद लेनी पड़ती है। आईसीसी किसी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सभी सदस्य देशों को वारंट भेजता है।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

**लोकसभा चुनाव: महाराष्ट्र में कांग्रेस को एक और झटका**

## संजय निरुपम सीएम शिंदे नीत शिवसेना में शामिल, बनेंगे नए समीकरण

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के लिए बनते-बिगड़ते समीकरणों के बीच कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए हैं।

निरुपम मुंबई में सीएम शिंदे की मौजूदगी में उनकी पार्टी में शामिल हुए। निरुपम के साथ में उनकी पत्नी और बेटी भी शिवसेना (शिंदे) में शामिल हो गईं। निरुपम का शिंदे नीत पार्टी में शामिल होने को कांग्रेस के लिए एक और राजनीतिक झटका माना जा रहा है। पिछले कुछ माह में महाराष्ट्र में कई बड़े नेता कांग्रेस का साथ छोड़ चुके हैं।

राजनीतक विश्लेषकों के अनुसार निरुपम के शिंदे के साथ आने से राज्य में कुछ नए राजनीतिक समीकरण बन सकते हैं।

अविभाजित शिवसेना से कांग्रेस में आए निरुपम के लिए करीब दो दशक बाद शिवसेना के एक धड़े में लौटे हैं। मुंबई उत्तर पश्चिम सीट को लेकर शिंदे की





मुंबई प्रदेश कांग्रेस से ठन गई थी। विवाद की शुरुआत तब हुई जब उद्धव ठाकरे ने मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से एकतरफा तौर पर अपनी पार्टी का उम्मीदवार घोषित कर दिया था। इससे निरुपम नाराज हो गए थे।

इसके बाद निरुपम ने उद्धव ठाकरे समेत कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। विवाद बढ़ने पर कांग्रेस ने निरुपम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। पार्टी ने निरुपम पर पार्टी विरोधी बयानों का आरोप लगाया था। इसके बाद निरुपम के शिवसेना में शामिल होने के कयास शुरू हो गए थे।

### महायुति के उम्मीदवारों को जीतना है: निरुपम

शिवसेना(शिंदे) में शामिल होने के मौके पर संजय निरुपम ने कहा, होइहे वही जो राम रच राखा। उन्होंने कहा,पूरे दल बल के साथ शिवसेना में आया हूं। लोकसभा चुनाव में महायुति के उम्मीदवारों को जीतना है। शिवसेना(शिंदे) की मुंबई में तीन की तीन सीट जीतकर लाएंगे। भगवा का झंडा बुलंद करूंगा। कभी कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। देर आया दुरुस्त आया।

### 19 वर्षों तक कांग्रेस में कई पदों पर रहे निरुपम

बता दें, निरुपम 2005 में कांग्रेस में शामिल हुए थे और उन्हें महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महासचिव नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2009 के चुनावों में मुंबई उत्तर लोकसभा सीट जीती। उस समय उन्होंने भाजपा के दिग्गज नेता राम नाइक को एक करीबी मुकाबले में हराया था। उन्होंने पिछले 19 वर्षों में कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया और अनबन के बाद पार्टी से बाहर होने से पहले कांग्रेस की मुंबई शहर इकाई का नेतृत्व भी किया।

---

### फतेहाबाद में स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंका



**आगरा।** फतेहाबाद में शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह के समर्थन सभा में पहुंचे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य पर एक युवक ने जूता फेंक दिया। हालांकि, मौर्य बाल-बाल बच गए। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। सनातन धर्म पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर पूर्व में ही कई संगठनों ने उनके विरोध की घोषणा की थी। मौर्य का काफिला जैसे ही कस्बा में अवंतीबाई चौराहे पर पहुंचा। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें काले झंडे दिखाए। इसके बाद एक व्यक्ति ने गाड़ी पर काली स्याही फेंकने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। सभा स्थल पर पहुंचे मौर्य मंच से लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### 'पटनायक सबसे लोकप्रिय सीएम होने का दावा'

**नई दिल्ली।** ओडिशा के चुनाव को लेकर वीके पांडियन ने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजद जीत हासिल करके ही रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजद ही जीतेगी, क्योंकि जनता मुख्यमंत्री को बहुत पसंद करती है। बता दें कि वीके पांडियन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निजी सचिव थे। उन्होंनें कहा कि लोग सीएम के काम की बहुत सराहना करते हैं, क्योंकि वो जानते हैं कि राज्य सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि सीएम के पास ओडिशा को सभी क्षेत्रों में शीर्ष पर ले जाने की योजनाएं हैं। सीएम नवीन पटनायक के बारे में पांडियन ने कहा कि वह लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आप अच्छा काम करते हैं तो कोई थकान कैसे आ सकती है? हर चुनाव में सीएम सत्ता समर्थक के साथ जाते हैं।

**पीएम मोदी ने बंगाल में टीएमसी व कांग्रेस पर साधा निशाना**

## सीएए को लागू होने से नहीं रोक सकती टीएमसी: पीएम मोदी

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासी तापमान और बढ़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर, बीरभूम जिले के बोलपुर और पूर्व बर्धमान जिले में बर्धमान-दुर्गापुर में चुनाव सभाओं संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर खूब निशाना साधा।



पीएम मोदी ने कृष्णानगर में चुनावी रैली में कहा कि तृणमूल कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि वे नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए)के कार्यान्वयन को नहीं रोक सकते, चाहे कुछ भी हो जाए। सीएए के माध्यम से, मैं भारत की नागरिकता चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को आश्वासन देता हूं कि उन्हें जल्द ही केंद्रीय पहल का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि टीएमसी बंगाल के गौरवशाली नाम को खराब कर रही है। टीएमसी को संविधान का पालन करने का निर्देश देने के लिए अदालतों को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा है।

### झारखंड में संसाधनों की खुली लूट

पीए मोदी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को झारखंड पहुंचे। उन्होंने यहां सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के चाईबासा में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के जल, जंगल और जमीन पर हमारे आदिवासी भाई-बहनों का अधिकार है, लेकिन जेएमएम और कांग्रेस इसे अपनी जागीर समझती है। यही वजह है कि झारखंड के हर संसाधन की खुली लूट चल रही है। पूरे राज्य के खान-खनिज को अवैध खनन कर लूटा जा रहा है। पीए मोदी ने कहा कि अब कांग्रेस की नजर एससी, एसटी, आदिवासी और ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालने पर टिकी है। कांग्रेस को गुस्सा इसलिए है, क्योंकि आदिवासी, दलित, गरीब और ओबीसी भाजपा का समर्थन करते हैं। कांग्रेसधर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती हैं। उन्होंने कहा- संविधान को कोई हाथ नहीं लगा सकता है।

### कांग्रेस-JMMमें लूट और भ्रष्टाचार की रेस

पीएम मोदी ने कहा-कांग्रेस और जेएमएम में लूट और भ्रष्टाचार करने की रेस चल रही है। यहां कांग्रेस सांसद के ठिकाने से 300 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए। यहां तक कि नोटों को गिनने के लिए बैंकों से मशीनें लानी पड़ी। इन्होंने आदिवासियों की जमीनें लुटने के बाद हमारे देश की सेना की जमीन पर भी आंख गड़ा कर रखी है।

### नौकरी खोने वाले शिक्षकों की मदद के लिए कानूनी सेल बनाएगी भाजपा

पीएम मोदी ने बर्धमान-दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि बंगाल भाजपा एक अलग कानूनी सेल बनाएगी, जो उन वास्तविक शिक्षकों को कानूनी मदद देगी, जिनकी नौकरी स्कूल सर्विस आयोग के घोटाले में चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि टीएमसी द्वारा किए गए घोटाले में जो लोग शामिल हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए, लेकिन वह ये नहीं चाहते कि किसी निर्दोष को इससे परेशानी हो।प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में घोटाले की वजह से कई योग्य और असल उम्मीदवारों को भी परेशानी उठानी पड़ी। मैंने भाजपा की बंगाल यूनिट से कहा है कि वे पार्टी की तरफ से एक अलग कानूनी सेल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाएं, जिससे योग्य शिक्षकों को मदद मिल सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ईमानदार उम्मीदवारों को मदद मुहैया कराएगी और उनकी लड़ाई लड़ेगी। यह मोदी की गारंटी है।

### टीएमसी ने संदेशखाली मामले में नहीं की कार्रवाई

उन्होंने कहा कि टीएमसी नेताओं को हमेशा पता था कि संदेशकाली में क्या हो रहा है, लेकिन चूंकि अपराधी उनके लिए एक संपत्ति था, इसलिए उन्होंने उसके खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की। केंद्र सरकार लोगों को मुफ्त राशन और स्वास्थ्य कवरेज प्रदान कर रही है। हालांकि, टीएमसी बंगाल में हमारी पहल को लागू नहीं कर रही है, जिससे आपको परेशानी हो रही है। पीएम मोदी ने बोलपुर में एक सभा में कहा कि विरोधी दलों का गठबंधन देश को बीते दशकों में ले जाना चाहता है। 60 साल में कांग्रेस महज 7 एम्स बना पाई, लेकिन हमारी सरकार में 22 एम्स बन गए।

**शीर्ष अदालत ने खारिज की याचिका**

## हमनाम उम्मीदवारों पर रोक लगाने से SC का इनकार

■ किसी को राहुल या लालू नाम होने से चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते



**एजेंसी** | नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने हमनाम उम्मीदवारों से जुड़ी एक याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में मांग की गई थी कि इस मुद्दे को हल करने के लिए एक तंत्र बनाया जाए और इसके प्रति कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश दिए जाएं। बता दें, हमनाम उम्मीदवार वे होते हैं, जिनका नाम किसी दूसरे उम्मीदवार से मिलता-जुलता होता है।

न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने याचिका पर विचार करने में रुचि नहीं दिखाई तो याचिकाकर्ता के वकील वीके बीजू ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ में शामिल न्यायाधीश संतीश चंद्र शर्मा और न्यायाधीश संदीप मेहता ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। अधिवक्ता बीजू ने साबू स्टीफन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। पीठ ने स्टीफन की ओर से पेश वकील से कहा कि अगर कोई व्यक्ति जिसका नाम राहुल गांधी है या फिर ऐसा कोई व्यक्ति जिसका नाम लालू प्रसाद यादव है तो क्या उन्हें चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है।

क्या इससे उनके अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं होगा। अगर किसी के माता-पिता ने यह नाम रख दिया है तो क्या सिर्फ नाम उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है। इसके बाद वकील ने पीठ से कहा कि उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दी जाए।

**पीएम मोदी 14 को भरेंगे नामांकन**

## भाजपा ने तैयार की चुनावी रणनीति, 13 को होगा रोड शो

**एजेंसी** | वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी।

भाजपा प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेशों के नेता मई के दूसरे सप्ताह से वाराणसी पहुंचना शुरू हो जाएंगे। यहां छोटी-छोटी जनसभाएं करेंगे, पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें करेंगे और मतदाताओं से संपर्क भी करेंगे। इसके अलावा समाज के अलग-अलग लोगों के साथ बैठकें की जाएगी। सूत्रों के अनुसार वाराणसी पहुंचने वाले नेताओं की सूची भी तैयार की जा रही है और कार्यकर्ताओं से भी सूची मांगी जा रही है। प्रधानमंत्री के रोड शो को भव्य बनाने के लिए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल और गुजरात से आए जगदीश पटेल ने बैठकें शुरू कर दी हैं।

### एक दिन पहले सभी शीर्ष नेता पहुंचेंगे वाराणसी

महिलाओं के ग्रुप के अलावा, युवा बाइकों से भी रहेंगे और नामांकन के एक दिन पहले सभी शीर्ष नेता भी वाराणसी पहुंच जाएंगे। इसके बाद कुछ नेता मतदान तक वाराणसी में ही प्रवास करेंगे और यहां चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### सिसोदिया की याचिका पर ED-CBI से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की ओर से दायर जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई से जवाब मांगा है।

दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉड्रिंग मामले में आरोपी हैं। सिसोदिया ने 30 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट के जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। राइज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

**चुनाव आयोग ने उठाया कदम**

## राज्यों को प्रत्याशियों को जल्द नो-ड्यूज जारी करने के निर्देश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने राज्य सरकारों को उम्मीदवारों को आवेदन करने के 48 घंटे के भीतर नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा कि सभी प्रकार के बकाया का भुगतान करने के बावजूद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा नहीं करने का असर नामांकन की जांच के दौरान प्रत्याशी की उम्मीदवारी पर पड़ता है।

चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के लिए भी सलाह जारी की और कहा कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की वैधानिक अवधि के समाप्त होने के बाद नो-ड्यूज प्रमाणपत्र जमा करने से भी उम्मीदवार को कोई राहत नहीं मिलेगी। आयोग ने यह भी बताया कि संसद अथवा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने के समय उम्मीदवार को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत हलफनामा भी जमा करना होता है और यह पूर्णतः भरा होना चाहिए।




**उत्तर प्रदेश की चुनावी डायरी**

## कांग्रेस की दूरगामी रणनीति, 'रायबरेली दांव' BJP के लिए बनेगा चुनौती!

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले से ही राजनीतिक पंडितों की नजर इस बात पर टिकी थी कि आखिरकार अमेठी और रायबरेली से इस बार कांग्रेस उम्मीदवार कौन होगा। गांधी नेहरू परिवार अपनी परम्परागत सीटों से चुनाव लड़ेगा या नहीं इस तरह के कयासों का राहुल गांधी के रायबरेली से व के एल शर्मा के अमेठी से नामांकन के साथ पटाक्षेप हो गया।

लेकिन कांग्रेस की इस रणनीति ने कई दलों को चौंका दिया है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि ऐसा कदम उठाकर कांग्रेस और राहुल गांधी ने दो बड़ा सियासी दांव खेला है। पार्टी ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि रायबरेली सीट पर खुद राहुल ने उतरकर पारिवारिक विरासत को संभालने की कोशिश की है।

साथ ही पार्टी ने यह संदेश भी दिया है कि यह सीट गांधी परिवार के लिए कितना मायने रखती है। कांग्रेस की यह बदली रणनीति भाजपा के लिए चुनौती बन सकती है।

हालांकि राहुल गांधी के नामांकन के साथ ही नए कयास भी शुरू हो गए हैं कि क्या रायबरेली से चुनाव जीतने के बाद राहुल गांधी इस सीट को खाली कर देंगे और उप चुनाव के जरिए बहन प्रियंका



गांधी वाड्रा को यहां से चुनाव जिताकर संसद भेजेंगे? ज्ञात रहे कि राहुल से पहले उनकी मां सोनिया गांधी लगातार 20 सालों तक यहां से सांसद रहीं। वे अब राज्यसभा की सदस्य हैं। एक तरह से कहें तो राहुल अगर रायबरेली से जीतते हैं तो यहां भी वह अपनी मां से सियासी विरासत की डोर अपने हाथों में लेंगे।

### दिया एकजुटता का संदेश

उत्तर प्रदेश से राहुल गांधी को चुनाव मैदान में उतार कर कांग्रेस ने यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया एकजुट होकर उत्तर प्रदेश में भाजपा को चुनौती दे रहा है। क्योंकि अभी चुनाव के पांच चरण शेष है और गांधी परिवार ने उत्तर प्रदेश में अपने गढ़ को छोड़ा नहीं है। वहीं उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के करीबी सहयोगी सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार इस बात का दवाब बना रहे थे कि गांधी परिवार का कोई सदस्य इन दोनों सीटों में से किसी एक पर जरूर लड़ें।

### BJP के सियासी हमले को किया भोदरा!

भाजपा की फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की एक पहचान और राजनीति में उनके दबदबे का एक पहलू यह भी है कि उन्होंने गांधी के गढ़ अमेठी में जाकर राहुल गांधी को हराया है। दूसरी बात यह कि जब कभी मौका मिला है, वह राहुल गांधी पर लगाकर हमला करती रही हैं लेकिन 2024 के चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी को न उतार कर कांग्रेस ने भाजपा और स्मृति ईरानी का वह दांव भोथरा कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अगर इस सीट से राहुल गांधी फिर चुनाव लड़ते और वह हार जाते तो भाजपा और ईरानी का सितारा चमक उठता कि उन्होंने लगातार दूसरी बार गांधी परिवार और राहुल को शिकस्त दी है। इससे गांधी परिवार और कांग्रेस के खिलाफ देश में खराब संदेश भी जाता। अब किशोरी लाल शर्मा के हराने से भाजपा को कोई खास राजनीतिक लाभ नहीं मिलेगा। वहीं अगर किशोरी लाल शर्मा अमेठी सीट से जीत जाते हैं तो भाजपा और देश को बड़ा संदेश जाएगा कि कांग्रेस के एक छोटे से कार्यकर्ता ने भाजपा की कद्दावर नेता स्मृति ईरानी को हरा दिया है।

### केरल का गढ़ भी किया सुरक्षित

करीब-करीब यह तय माना जा रहा है कि वायनाड और रायबरेली दोनों सीटों से जीत की स्थिति में राहुल गांधी वायनाड सीट बरकरार रखेंगे क्योंकि कांग्रेस की नजर 2026 में होने वाले केरल विधानसभा चुनाव पर है। राहुल के वायनाड से चुनाव लड़ने का फायदा कांग्रेस को केरल में 2019 के लोकसभा चुनाव में मिल चुका है। केरल की कुल 20 में से 15 सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, जबकि यूडीएफ के उसके अन्य सहयोगियों ने चार सीटें जीती थीं। यानी 20 में से 19 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

## जरूरी खबर

### अब्बास अंसारी की याचिका SC में सूचीबद्ध



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। अब्बास अंसारी ने अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी के लिए आयोजित की जा रही विशेष प्रार्थना में शामिल होने देने की इजाजत मांगी थी। गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। अब्बास अंसारी की तरफ से वकील निजाम पाशा सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। वकील ने अब्बास अंसारी की याचिका को सूचीबद्ध करने की मांग की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि कोर्ट ने पहले ही अब्बास अंसारी की याचिका को सूचीबद्ध कर दिया है।

### हेलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट घायल

**रायगढ़।** महाराष्ट्र रायगढ़ के महाड शहर में एक निजी हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकाप्टर उद्धव शिवसेना की उप नेता और प्रवक्ता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा था। हादसे में पायलट घायल हो गया। अंधारे ने इस घटना का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लड़खड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### फर्जी वीडियो केस: कांग्रेस के 5 कार्यकर्ता अरेस्ट

**हैदराबाद।** गृहमंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में गिरफ्तार तेलंगाना में कांग्रेस के पांच इंटरनेट मीडिया कार्यकर्ताओं को जमानत मिल गई। हैदराबाद पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपितों को गिरफ्तारी के बाद स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने आरोपितों को 10-10 हजार रुपए के दो मुचलकों पर जमानत दी। आरोपितों को सोमवार और शुक्रवार को जांच अधिकारी के सामने पेश होना होगा। पुलिस के बताया कि 27 अप्रैल को राज्य भाजपा नेताओं से शिकायत मिली, तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल से अमित शाह के भाषण का मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट कर आइटी एक्ट का उल्लंघन किया है।

## भारत -इंडोनेशिया ने किया रक्षा सहयोग पर विचार



**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा सचिव गिरधर अरमाने और इंडोनिशया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल डोनी ईरमावना ताउफंतो ने शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत-इंडोनेशिया रक्षा सहयोग समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर विचार किया गया।

## फिर धधके उत्तराखंड के जंगल, 64 घटनाएं



**देहरादून।** उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर जंगल की आग की 64 घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की गुरुवार को मौके पर ही मौत हो गई थी। दूसरे श्रमिक ने गुरुवार देर रात बेस अस्पताल में तो महिला श्रमिक ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दम तोड़ दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर अब शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। शुक्रवार को प्रदेश में सामने आई वनाग्नि की 64 घटनाओं में गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्रों में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटे के भीतर 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया।

### पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट में किया दावा...

# SC से नहीं था वेमुला, सच सामने आने के डर से की थी आत्महत्या

■ पुलिस ने सभी आरोपियों को दी क्लीन चिट

एजेंसी | हैदराबाद

तेलंगाना पुलिस ने शुक्रवार को रोहित वेमुला आत्महत्या मामले में तेलंगाना हाईकोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट पेश की जिसमें दावा किया गया है कि रोहित ने आत्महत्या की क्योंकि वह कई कारणों से तनावग्रस्त था। रोहित को पता था कि वह अनुसूचित जाति से नहीं है। रिपोर्ट में सिकंदराबाद के तत्कालीन सांसद बंडारू दत्तात्रेय, विधान परिषद के सदस्य एन रामचंदर राव, कुलपति अप्पा राव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेताओं और



महिला एवं बाल विकास स्मृति ईरानी मंत्री सहित सभी आरोपियों को क्लीन चिट दे दी है।

क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया कि रोहित इस तथ्य से अवगत था कि उसकी मां ने उसके लिए एससी प्रमाणपत्र की व्यवस्था की थी और उसे चिंता थी कि अगर उसके साथियों को इसके बारे में पता चला तो उसकी प्रतिष्ठा प्रभावित हो सकती है। साथ ही उसे यह भी डर था कि अगर सच्चाई उजागर हुई तो उसकी शैक्षणिक डिग्रियां फर्जी हो जाएंगी। उसे अभियोजन का सामना भी करना पड़ सकता है। मृतक को कई मुद्दे परेशान कर रहे थे जिसके कारण वह आत्महत्या कर सकता था। रिपोर्ट में कहा गया



है कि सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, यह स्थापित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला कि आरोपियों के कार्यों ने मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया है। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है,अगर मृतक की पढ़ाई देखी जाए तो ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपनी पढ़ाई के बजाय कैंपस में छात्र राजनीतिक मुद्दों में अधिक शामिल था। उन्होंने अपनी पहली पीएचडी को 2 साल तक करने के बाद बंद कर दिया।

**यह है पूरा मामला**

रोहित ने 17 जनवरी, 2016 को यूनिवर्सिटी परिसर में छात्रावास के एक कमरे में आत्महत्या कर ली थी रोहित के आत्महत्या के बाद से राजनीति शुरू हो गई थी और विपक्षी पार्टियों ने इस मुद्दे को लेकर केन्द्र पर निशाना भी साधा था। छात्रों के एक समूह की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अप्पाराव और चार अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा...

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत होगा विचार

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने की संभावना पर विचार किया जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर 7 मई को सुनवाई करेगी। कोर्ट ने जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय और अरविंद केजरीवाल के वकील को तैयार रहने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि, अगली सुनवाई में अंतरिम जमानत की शर्तों को भी बताया जाए।

हमे अंतरिम जमानत देने या न देने पर अभी फैसला करना है।सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से दूसरे सवाल पर भी जवाब मांगा



कि, क्या केजरीवाल जेल से ऑफिशियल फाइलें साइन कर सकते हैं? जस्टिस खन्ना ने ईडी से कहा, हम आज कुछ नहीं कह रहे हैं, लेकिन हम पूछ सकते हैं, मंगलवार को तैयार रहें। केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति मामले में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

केजरीवाल निचली अदालतों से राहत नहीं मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में पहुंचे हैं। वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा था।

### राज्यपाल ने छेड़छाड़ के आरोपों को बताया बेतुका, कहा...

## भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ नहीं रुकेगी लड़ाई

एजेंसी | कोलकाता

राजभवन की एक अस्थाई महिला कर्मी द्वारा लगाए गए छेड़खानी के आरोप को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को बेतुका बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इससे भ्रष्टाचार व हिंसा के विरुद्ध मेरी लड़ाई नहीं रुकेगी। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा है। वहीं, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने इसमें अपनी भूमिका से इनकार करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञात रहे कि पीड़ित महिला



ने गुरुवार शाम हेयर स्ट्रीट थाने में लिखित शिकायत की। उसने दावा है कि राज्यपाल ने उसके साथ दो बार छेड़खानी की। राज्यपाल ने बोस ने शुक्रवार को ऑडियो संदेश जारी करके कहा- यह सिर्फ एक चुनावी हथकंडा है। उम्मीद है, मुझ पर आगे और भी आरोप लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा, जितने हथियार हैं, सब तान लीजिए। मैं उनका सामना करने के लिए तैयार हूं। एक दिन मुझे कोलकाता में 1946 में हुए सांप्रदायिक दंगों के लिए भी जिम्मेदार ठहरा दिया जाएगा। बंगाल की राजनीतिक ताकतों का यही चरित्र है। राज्यपाल ने आगे कहा कि राजभवन को गोपनीय रिपोर्ट मिली है कि राजनीतिक ताकतों ने गलत इरादे से एक और व्यक्ति को राजभवन में बिठा रखा है। संबंधित एजेंसियां इसका सत्यापन कर रही हैं।

**चुप क्यों हैं प्रधानमंत्री: सीएम ममता**

दूसरी तरफ पूर्व बर्धमान जिले के रायना क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि आप (पीएम मोदी) संदेशखाली को लेकर संदेश देते फिर रहे हैं। उस बारे में बोलने से पहले इस बात का जवाब दीजिए कि राज्यपाल ने अपनी कर्मचारी के साथ दो बार छेड़खानी क्यों की? वहीं, वरिष्ठ तृणमूल नेता डॉ. शशि पांजा ने कहा कि इस मामले से उनकी पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है।

### यौन उत्पीड़न का मामला

## पीड़िता के अपहरण का आरोप

एजेंसी | बेंगलुरु

जेडीएस से निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराने वाली पीड़ित महिला गायब हो गई है। पीड़िता के बेटे ने गुरुवार रात मैसूर जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता के 20 साल बेटे ने कहा कि मां को प्रज्वल रेवन्ना परिवार का परिचित जबरन बाइक पर बैठाकर ले गया है। आरोप लगाया गया है कि प्रज्वल के पिता और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के कहने पर महिला को प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए ऐसा कर किया है। शिकायत के मुताबिक, अपहरणकर्ता बबन्ना ने शुरू में एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना के समन के बहाने महिला को अपने साथ जाने के लिए मना लिया।

**पुलिस को कुछ न बताएं**

बेटे ने शिकायत में कहा, वोटिंग के दिन सुबह-सुबह बबन्ना ने मेरी मां को हमारे घर छोड़ा। उसने मेरे माता-पिता से कहा कि अगर वे हमारे घर आएं तो पुलिस को कुछ भी न बताएं। इसके साथ ही हमें धमकी दी कि हमारे खिलाफ केस दर्ज कर लिया जाएगा। बेटे ने कहा कहा, 29 अप्रैल को बबन्ना वापस लौटा और उसने हमें कानूनी खतरों का हवाला देकर मां को जबरन अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया। शिकायतकर्ता बेटे ने अरोपों में कहा है कि उसकी मां ने होलेनारसीपुर में एचडी रेवन्ना के घर और उनके खेत में छह साल तक घरेलू सहायिका के तौर पर काम किया। मां ने तीन साल पहले नौकरी छोड़ दी और अपने गांव लौट आई। मां अब दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करती है।

### आईसीसी की टीम रैंकिंग जारी

# भारत वनडे- टी20 में शीर्ष पर, ऑस्ट्रेलिया टीम ने टेस्ट में मारी बाजी

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को खेल के तीनों प्रारूपों टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल की वार्षिक रैंकिंग अपडेट करने के बाद ताजा टीम रैंकिंग जारी की। इसमें ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेट में शीर्ष स्थान पर है, जबकि भारत ने सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों, यानी वनडे और टी20 में अपना दबदबा बरकरार रखा है। भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट का ताज यानी नंबर-1 स्थान गंवा दिया है। वह अब दूसरे स्थान पर फिसल गया है। मौजूदा टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल द ओवल में विश्व



टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मैच में भारत पर 209 रन की जीत दर्ज की थी। ऑस्ट्रेलिया के 124 अंक हो गए हैं और वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी और पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के उप विजेता भारत (120) से चार अंक आगे है। वहीं, इंग्लैंड (105) तीसरे स्थान पर है। टेस्ट रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका (103), न्यूजीलैंड (96), पाकिस्तान (89), श्रीलंका (83), वेस्टइंडीज (82) और बांग्लादेश (53) अपने-अपने स्थान पर काबिज हैं।

**वनडे में भारत की बढ़त छह अंक की हुई**

भारत (122 अंक) ने टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान खो दिया है, लेकिन वनडे और टी20 में सबसे आगे बने हुए हैं। भारत भले ही ऑस्ट्रेलिया (116) से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया हो, लेकिन उसने उस पर बढ़त तीन से बढ़ाकर छह अंक की कर ली है। शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बावजूद उस टूर्नामेंट में 10 मैचों की लगातार जीत ने टीम इंडिया को फायदा पहुंचाया। तीसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका (112) है, जो ऑस्ट्रेलिया से सिर्फ चार रेटिंग अंक पीछे है, जबकि पाकिस्तान (106) और न्यूजीलैंड (101) शीर्ष पांच में शामिल हैं। सातवें स्थान पर काबिज श्रीलंका (93), छठे स्थान पर काबिज इंग्लैंड (95) से सिर्फ दो रेटिंग अंक पीछे है। वहीं, बांग्लादेश (86), अफगानिस्तान (80) और वेस्टइंडीज (69) की टीमें शीर्ष 10 में शामिल हैं।

**टी20 रैंकिंग: आस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर**

टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को हटाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, लेकिन 264 रेटिंग अंक हासिल करने वाली भारतीय टीम से सात अंक पीछे है। दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड से दो अंक पीछे चौथे स्थान पर है। न्यूजीलैंड के भी दक्षिण अफ्रीका की तरह 250 अंक हैं, लेकिन दशमलव की गणना में उससे पीछे है। वेस्टइंडीज के 249 अंक हैं। इससे तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड और छठे स्थान की वेस्टइंडीज के बीच केवल तीन अंक का अंतर है। पाकिस्तान की टीम दो पायदान के नुकसान से सातवें स्थान पर खिसक गई। स्कॉटलैंड (192) एक लंबी छलांग के साथ 12वें स्थान पर पहुंच गया है। स्कॉटलैंड ने जिम्बाब्वे (191) को पीछे छोड़ दिया और शीर्ष-12 में जगह बनाई है।

## जयपुर कॉट्योर शो-2024 का फर्स्ट लुक लॉन्च

# समर स्प्रिंग कलेक्शन की झलक रैंप पर शोकेस करेंगे डिजाइनर्स

**बेधड़क.जयपुर।** समर कलेक्शन के साथ वेस्टर्न, लहंगे और ब्राइडल लुक को विभिन्न डिजाइनर्स स्टाइलिश अंदाज में शोकेस करेंगे तो डेली सॉप की साड़ियां जयपुर के रैंप पर होंगी। साथ ही, 2024-25 के नए समर व वेडिंग ट्रेंड जयपुर के रैंप पर देखने को मिलेंगे। मौका होगा राजस्थान के सबसे बड़े और प्रसिद्ध फैशन महोत्सव जयपुर कॉट्योर शो (जेसीएस) के 12वें सीजन का, जो तीन दिवसीय होगा। जलसे से पर्दा उठाते हुए फर्स्ट लुक लॉन्च जयपुर में किया गया, जिसमें शहर के फैशन लवर्स शामिल हुए। टोंक रोड स्थित कोड ब्लैक में हुए आयोजन में मॉडल्स ने शो के दो डिजाइनर्स द्वारा तैयार किए गए गारमेंट्स की पहली झलक शोकेस की।





फोटो: पंकज शर्मा



### बॉलीवुड एक्ट्रेस शो स्टॉपर्स और 40 मॉडल्स

जेडी माहेश्वरी ने बताया कि शो में तीन दिन तक 40 से ज्यादा मॉडल्स जयपुर-दिल्ली से पार्टिसिपेट करेंगे। साथ ही बॉलीवुड से 5 एक्ट्रेस हमारे रैंप पर होंगी। इसमें बिग बॉस फेस एक्ट्रेस भी शामिल हैं।

### ये रहे मौजूद

फाउंडर एंड डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि 11 साल से इस जलसे लगातार जयपुर में करते आ रहे हैं। इसके लिए फर्स्ट लुक लॉन्च किया गया, जिसमें पेट्रोन जेडी माहेश्वरी और अजीत सोनी के साथ डायरेक्टर्स अनिल भट्टर और नकुल विजय मौजूद रहे। गौड़ ने बताया कि अलंकारा होटल एंड रिसॉर्ट में होने वाले शो को सेयद हसन कोरियोग्राफ करेंगे तो विजुअल जॉकी निक महल की होगी।

### आज वेस्टर्न के साथ ट्रेडिशनल पहनना पसंद

इस दौरान चौलीस से डिजाइनर साक्षी गुप्ता और बनाड़ी से शुभ और हीना माथुर ने अपने कलेक्शन की जानकारी दी। साक्षी ने कहा कि मुंबई में रहकर डेली शॉप में काम में आने वाली साड़ीज की समझ ली और अब वही कलेक्शन कॉट्योर में शोकेस किया जाएगा। वहीं हीना और शुभ ने बताया कि सेलिब्रिटी के जरिए कलेक्शन रैंप पर आएगा और इसमें फ्यूजन खास होगा, क्योंकि आज लोग वेस्टर्न के साथ ट्रेडिशनल पहनना पसंद करते हैं तो हमने फ्यूजन कलेक्शन तैयार किया है, जो सभी को बहुत पसंद आएगा।

## रॉयल फुटबाल क्लब जीता



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल मैचों की श्रृंखला में अजमेर के मेवो कॉलेज में 72 मैचों में से 53 नंबर का मैच खेला गया। राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि रॉयल फुटबॉल क्लब और चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब के बीच खेले गए मैच में दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। मैच में रॉयल फुटबाल क्लब ने 1-0 से जीत दर्ज की।

## गूजेंगे शांतिनाथ के जयकारे

**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार को भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालों शांतिनाथ के दरबार में धार्मिक आयोजन किया जाएगा। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथजी की खोह में दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम में श्री शांतिनाथ महामंडल विधान पूजा का संगीतमय आयोजन होगा। अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि लाल चन्द कठमाणा वाले मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी पहाडी वाले दीप प्रज्वलनकर्ता, मोहित राणा, नितिन जैन बनेठा, राजीव लाखना विशिष्ट अतिथि तथा सासंद राम चरण बोहरा, सासंद प्रत्याशी मंजू शर्मा, महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, विधायक कैलाश वर्मा व उप महापौर पुनीत कर्णावट अतिथि होंगे।

## प्रदेश में बढ़ेगी नेत्रदान की संख्या

**बेधड़क. जयपुर।** आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान कोर्नियल ब्लाइंडनेस उन्मूलन कार्यकम को गतिशील बनाने के लिए दान में मिलने वाले कोर्निया की गुणवत्ता तथा संख्या बढाने के लिए नवाचार लागू करेगी। सोसायटी अध्यक्ष बीएल शर्मा ने बताया कि आई बैंकिंग के क्षेत्र में दिल्ली के डॉ. श्रॉफ आई हॉस्पिटल की सीनियर मैनेजर राखी नाथावत, मैनेजर सुरेंद्र दीक्षित तथा वरिष्ठ टैक्निशियन सुरेश की संयुक्त टीम के साथ जयपुर में दो दिन का प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। उद्घाटन सत्र में काउंसलिंग कौशल विकास पर काउंसलर्स को नेत्रदानी परिवारों के साथ संवेदनशील और प्रभावी ढंग से संवाद करने के तरीके सिखाए गए। रोल-प्ले गतिविधियों और नमूना मामलों के आकलन से काउंसलर्स को वास्तविक स्थितियों से निपटने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने मौखिक और प्रक्रियात्मक संचार कौशल पर जोर दिया। शिविर समापन पर डीजीएफसी, जगत सिंह आई बैंक ट्रेनिंग अकादमी, डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल द्वारा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए गए।

## 15 कलाकारों ने साथ दी प्रस्तुति

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के कार्यक्रमों की कड़ी में युवा संगीत समारोह की शुरुआत हुई, जिसमें ताल वाद्य कचहरी का प्रस्तुतीकरण हुआ। करीब 15 कलाकारों ने एक साथ बैठकर अलग-अलग साजों पर संगत की। संगीत मय प्रस्तुती में पखावज पर ऐश्वर्य आर्य, नगाड़ा पर गोपाल सिंह खींची, हारमोनियम पर रमेश मेवाल आदि ने कमाल दिखाया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर निदेशक निहालचंद गोयल ने कलाकारों का सम्मान किया गया। युवा संगीत समारोह के दूसरे दिन शास्त्रीय गायन आयोजित किया जाएगा।

# City इवेंट्स

## जरूरतमंदों के लिए 182 यूनिट ब्लड डोनेट




**बेधड़क. जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से संस्थान प्रांगण विद्याधर नगर में रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का अयोजन किया गया। शिविर में जयपुर सहित पाली, अजमेर, सीकर, झुंझनू, चुरू, दौसा, करौली सहित अन्य जिलों के 182 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी थी। संस्थान के प्रवक्ता व राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के पूर्व सदस्य भवानी शंकर माली ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरसीए पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट देकर सम्मान किया गया। शिविर के संयोजक धनराज सिंगोदिया को महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान जयपुर शहर युवा इकाई अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री गिर्राज गर्ग, संस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल पवार, अध्यक्ष अनुभव चंदेल, उपाध्यक्ष हनुमान सहाय सैनी, कोषाध्यक्ष भागचंद सैनी, सुनिल गहलोत, बहादुर मल सैनी, बी एल मालाकार, गुलाब इंदौरा, पूनम चंद कच्छावा, राम प्रसाद राकसिया, जुगल किशोर सैनी सुरेश सैनी रेलवे, मदन सैनी, तन्मय सैनी एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

## रामेश्वरम से लौटे साइकिल दल का स्वागत



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर से साइकिल पर रामेश्वरम संकल्प यात्रा कर लौटे अतुल चतुर्वेदी और मनोज शर्मा का परशुराम सेना के बरकत नगर स्थित कार्यालय पर कार्यालय पर सम्मान किया गया। कार्यक्रम आयोजक परशुराम सेना के अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सर्राफा, सांसद प्रत्याशी मंजू शर्मा, विप्र महासभा अध्यक्ष सुनील उदैया, गरुड़ दास महाराज, विनोद यादव, ओमप्रकाश कुमावत रेखा सिंह, सुधीर शर्मा, नवीन तिवाड़ी, राधे चौधरी ने साइकिल यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान अतुल चतुर्वेदी ने अपने यात्रा से जुड़े अनुभव बताए। इस अवसर पर महावीर स्कूल में 10 मई को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

## सुधांशु महाराज का अवतरण दिवस मनाया

# बाल संस्कार केन्द्र के बच्चों की प्रस्तुतियां रही विशेष आकर्षण



**बेधड़क** | जयपुर

विश्व जागृति मिशन के संस्थापक और अध्यात्मवेत्ता आचार्य सुधांशु महाराज के अवतरण दिवस पर गुलाबी नगरी में जयपुर मंडल की ओर से 'उल्लास पर्व' मनाया गया। जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल ने बताया कि आदर्श नगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शिष्यों ने तीन दिवसीय आयोजन में गुरुदेव के अवतरण दिवस की खुशियां मनाई। इनमें विश्व जागृति मिशन के प्रकल्प बाल संस्कार केन्द्र के तहत प्रशिक्षित बालकों ने योगाभ्यास के साथ ही वृद्धों का सम्मान, गौ-सेवा, हवन और सत्संग जैसे संस्कारों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही।

जयपुर मंडल द्वारा चलाए जा रहे बाल संस्कार केन्द्र में अलका अरोड़ा, इंदु भार्गव, मंजू बजाज, फूल मुटरेजा, सीमा भाटिया और बेला माथुर की टीम द्वारा कच्ची बस्ती के बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा आचार्य मोहन शास्त्री एवं पंडित विष्णु शर्मा के सानिध्य में गुरुवर की दीर्घायु के लिए महामृत्युंजय मंत्र के साथ विशेष हवन किया गया, जिसमें उप प्रधान नारायण दास गंगवानी, महासचिव दिनेश चंद्र गुप्ता और सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। इस मौके पर भजन एवं सत्संग के कार्यक्रम भी हुए तथा शरबत की छबील भी लगाई गई।

## जैन मंदिरों में हुए विशेष आयोजन

# मुनि सुव्रतनाथ के जन्म और तप कल्याणक महोत्सव पर जुटे भक्त



**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्म के 20वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का जन्म व तप कल्याणक शुक्रवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किये गए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जन्म व तप कल्याणक महोत्सव के मौके पर अभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान की पूजा की गई। पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक 'वयसाख वदी दशमी वरनी, जन्में तिहि द्योस त्रिलोकधनी। सुर मंदिर ध्याय पुरन्दरने, मुनि सुव्रतनाथ हमैं सरनै।।' व तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाए गए।

महाआरती के बाद समापन हुआ। आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, कल्याण नगर के श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, महल योजना के श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, वाटिका के मुनिसुव्रतनाथ नवग्रह दिगम्बर जैन मंदिर तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान जयपुर से बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर जयकारों के साथ खुशियां मनाई और विश्व शांति की कामना की।

**हेमलता प्रभु स्मृति कार्यक्रम** | जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक के जीवन से हुए रूबरू

# 'आलम-ए-इश्क' में शुभा के नगमों ने बहाई प्रेम रसधार

**बेधड़क** | जयपुर

जवाहर कला केन्द्र में 13वें हेमलता प्रभु स्मृति कार्यक्रम में शास्त्रीय गायिका पद्मश्री शुभा मुद्गल की आवाज में सूफी और निर्गुण भक्ति परंपरा की प्रेम कविताओं का उत्सव सजा। जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक और कनोडिया महिला महाविद्यालय की सह-संस्थापक रहीं हेमलता प्रभु के 104वें जन्मदिवस पर उनके मित्रजनों, परिवार, पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल), राजस्थान बोध शिक्षा समिति और रोशानारा ट्रस्ट ने प्रभु की स्मृति में कार्यक्रम आयोजित कर उनके प्रेरक जीवन से जयपुरवासियों को रूबरू कराया।



### सीखे सफल जीवन के मंत्र

इस अवसर पर पूर्व सिविल सेवा अधिकारी इंद्रजीत कुमार ने 'मेरा कॉलेज और उसका मेरे जीवन पर प्रभाव' विषय पर विचार रखे। उन्होंने बताया, कि कॉलेज में हेमलता मैडम के साथ बिताए दो साल के दौरान जो सीख मिली उसने जीवन को एक दिशा दी। वे बहुमुखी प्रतिभा की धनी थीं। सादगी की इस प्रतिमूर्ति ने कई जिंदगियों को नया आकार दिया। वे खुद को भूलकर बच्चों पर फोकस करती थीं। कुछ सिखाते समय लहजे में सख्ती थी तो बच्चों के प्रति मातृत्व भाव भी था। केवल पढ़ाना ही नहीं बच्चों को आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बनाना उनका लक्ष्य था। इसके लिए वे बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों यथा रंगमंच, कथक भी सीखने पर जोर देती थीं।

### गुरु की महिमा का बखान

इसके बाद शुरू हुई पद्मश्री शुभा मुद्गल की प्रस्तुति जिसका श्रोताओं को इंतजार था। आलम ए इश्क में सूफी और निर्गुण भक्ति की परंपराओं की प्रेम कविताओं की गूंज मध्यवर्ती में सुनाई दी। उन्होंने कबीर दास के पद से प्रस्तुति की शुरुआत की।





## अमेरिका के कॉलेज परिसरों में फिलिस्तीन समर्थकों का विरोध प्रदर्शन, 2100 से ज्यादा छात्र अरेस्ट

# प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने चलाई गोली

**एजेंसी** | लॉस एंजिल्स

पुलिस ने हाल के हफ्तों में पूरे अमेरिका में कॉलेज परिसरों में फिलिस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन के दौरान 2,100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियोजक के कार्यालय ने पुष्टि की कि एक अधिकारी ने कोलंबिया विश्वविद्यालय प्रशासन भवन के अंदर डेरा डाले प्रदर्शनकारियों को हटाते समय अपनी बंदूक से गोली चला दी। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी एल्विन ब्रैग के कार्यालय के प्रवक्ता डौग कोहेन के अनुसार, कोलंबिया परिसर में हैमिल्टन हॉल के अंदर अधिकारी की कार्रवाई से कोई भी घायल नहीं हुआ। कोहेन ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि बंदूक किसी को निशाना बनाकर नहीं चलाई गई थी। आसपास अन्य अधिकारी भी थे, लेकिन कोई छात्र नहीं था। कोलंबिया कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया था, जो कि इजराइल-हमास युद्ध पर हाल ही में परिसर में हुए विरोध प्रदर्शनों के कारण हुई कुल गिरफ्तारियों का एक छोटा सा हिस्सा था।





### एक पखवाड़े में प्रदर्शन की 40 अलग-अलग घटनाएं

अमेरिकी कॉलेजों या विश्वविद्यालयों में 18 अप्रैल के बाद से 40 अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों की भीड़ के खिलाफ कार्रवाई की। 200 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। इससे पहले सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। कुछ ने मानव श्रृंखला बनाई, जबकि पुलिस ने भीड़ को तोड़ने के लिए फ्लैश-बैंग्स चलाए। पुलिस ने प्लाइवुड, फूस, धातु की बाड़ और कूड़ेदानों की एक मजबूत छावनी की बैरिकेड को तोड़ दिया, फिर छतरियां और तंबू गिरा दिए। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का बचाव किया, लेकिन हाल के दिनों की अव्यवस्था की निंदा की।

## हजारों प्रदर्शनकारियों ने भवन संसद इमारत को पहुंचाया नुकसान... पुलिस को करना पड़ा बल प्रयोग

# विरोध के बाद जॉर्जिया का संसद सत्र हुआ रद्द



**एजेंसी** | त्बिलिसी

प्रस्तावित कानून के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद जॉर्जिया की संसद ने अपना पूर्ण सत्र रद्द कर दिया। आलोचकों को डर है प्रस्तावित कानून से मीडिया की स्वतंत्रता बाधित होगी, जिससे यूरोपीय संघ में सदस्यता मिलने में भी, जॉर्जिया को परेशानी हो सकती है। संसद की घोषणा में कहा गया है कि बुधवार के विरोध प्रदर्शन के दौरान इमारत को हुए नुकसान के कारण सत्र को रद्द कर दिया गया है। इससे पहले पुलिस ने हजारों प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पानी की बौछार, आंसू गैस और काली मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया था। जॉर्जिया की सांसद ने बुधवार को विधेयक के दूसरे वाचन को मंजूरी दे दी। इसके तहत मीडिया और गैर-व्यावसायिक संगठनों को 20 प्रतिशत अधिक विदेशी निवेश लेने के लिए खुद को 'विदेशी शक्ति के हितों का पीछा करने वाले' के रूप में पंजीकृत होने की आवश्यकता होगी। तीसरी और अंतिम रीडिंग मई के मध्य में होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार को सत्र को रद्द होने के बाद बिल की प्रगति पर किस तरह से काम होगा। सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी ने पिछले साल भी विरोध के बाद इस कानून पर बढ़ने का फैसला टाल दिया था और प्रस्ताव को वापस ले लिया था।

## इजराइल ने गाजा से गिरफ्तार 64 फिलिस्तीनियों को किया रिहा



**गाजा।** इजराइल ने गुरुवार को गाजा पट्टी में सैन्य अभियानों के दौरान गिरफ्तार किए गए 64 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दिया, जिन्हें गाजा पट्टी में सैन्य अभियानों के दौरान गिरफ्तार किया गया था। प्राधिकरण ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजराइली अधिकारियों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में केरेम शालोम क्रॉसिंग से 64 फिलिस्तीनियों को रिहा कर दिया, जिनमें एक मृत और एक गंभीर रूप से घायल था। फिलिस्तीनी मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, गाजा पट्टी में चल रहे इजराइली जमीनी ऑपरेशन के दौरान सेना ने सैकड़ों फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया था।

## पाक सेना प्रमुख बोले- भारत हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी

# पाक ने फिर उगला कश्मीर पर जहर

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर ने कहा कि भारत पाकिस्तान का कट्टर प्रतिद्वंद्वी है और उनका मुल्क कश्मीर के लिए नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।

खैबर पख्तूनख्वा के रिसालपुर में असगर खान अकादमी में पाकिस्तान वायुसेना की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 2019 की भारत-पाक स्थिति को याद करते हुए कहा कि भारत हमारा कट्टर प्रतिद्वंद्वी है, पाकिस्तान कश्मीर के लिए मुल्क के लोगों और सैनिकों को नैतिक, राजनीतिक, राजनयिक समर्थन देना जारी रखेगा।




मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना अपने मुल्क की जमीन और सरहदों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। सेना अपने मुल्क में आतंकवाद के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने कश्मीर पर अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है और इसके उलट पाकिस्तान के बारे में सोशल मीडिया के जरिए प्रोपगेंडा फैला रहा है। मुल्क के लोगों से अपील है कि वे इस तरह की चीजों पर यकीन न करें, अफवाहों से पर्दा हटेगा और सच्चाई एक दिन जरूर दुनिया के सामने आएगी।

## पाक में भीषण सड़क हादसा

# खाई में गिरी बस, 20 लोगों की मौत

**एजेंसी** | इस्लामाबाद/पेशावर

उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक यात्री बस के फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से 20 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 21 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर हुई। बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, क्योंकि बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक 43 लोग बस में सवार थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को चिलास अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारी ने कहा कि सेना के हेलिकॉप्टरों की सहायता से बचाव कार्य पूरा हो गया है और मृतकों के शवों तथा घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। सूत्र ने कहा कि मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है, क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।



### पीएम-सीएम ने दिया घायलों की उचित चिकित्सा का आदेश

गिलगित-बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर शोक व्यक्त किया और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए प्रशासन को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों को हरसंभव चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने भी घटना पर संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। **संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl